उज्जैन
गुरुवार
05
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-121
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



साइको सैयां के प्रमोशन में दरार तेजस्वी प्रकाश के फैसले पर सुरभि चंदना ने तोड़ी चुप्पी



## सीएम पद छोड़कर राज्यसभा जा सकते हैं नीतीश कुमार



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपना पद छोड़कर राज्यसभा जा सकते हैं। इसे लेकर बुधवार शाम 6 बजे से उट आवास पर अहम बैठक बुलाई गई। इसमें जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और मंत्री विजय चौधरी मौजूद रहे। बैठक के बीच विजय चौधरी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अंतिम फैसला नीतीश कुमार को लेना है। बताया जा रहा है कि पार्टी के बड़े नेता नहीं चाहते हैं कि नीतीश दिल्ली जाएं। वहीं, उनके बेटे निशांत कुमार के नाम की भी चर्चा हो रही है। पार्टी ने अभी तक इन चर्चाओं का खंडन नहीं किया है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर का राज्यसभा जाना लगभग तय माना जा रहा है।

## सेंसेक्स में 500 अंक की तेजी, 79,600 पर कारोबार कर रहा

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 5 मार्च को बढ़त है। सेंसेक्स 500 अंक की तेजी के साथ 79,600 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी करीब 500 अंक की बढ़त है। ये 24,650 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। ऑटो और एनर्जी शेयर्स ज्यादा बढ़त है। कच्चा तेल 4 दिन में 15% चढ़ा ब्रेंट क्रूड में आज करीब 1% की तेजी है। ये 83 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। बीते 4 दिन में इसके दाम करीब 15% चढ़ चुके हैं। जानकारों का मानना है कि अगर यह तनाव और बढ़ा, तो तेल की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल तक जो सकती हैं। इसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल पर दिख सकता है। दिल्ली में पेट्रोल 95 लीटर से बढ़कर 100 तक पहुंच सकता है। वहीं डीजल 88 से बढ़कर 92 तक जा सकता है।

## महाराष्ट्र से एमवीए गठबंधन शरद पवार को राज्यसभा भेजेगी



**मुंबई।** महाराष्ट्र में विपक्ष के गठबंधन महाविकास अघाड़ी ने राज्यसभा चुनाव में राज्य से एनसीपी (शरद गुट) के प्रमुख शरद पवार को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव गुट) ने बुधवार को पवार को समर्थन देने का ऐलान किया है। इससे पहले कांग्रेस, एनसीपी (शरद गुट) और शिवसेना (उद्धव गुट) तीनों ने उस एक सीट पर दावा जताया था, जिसे विपक्ष जीत सकता है। हालांकि कांग्रेस महासचिव रमेश चेन्निथला ने बुधवार को बताया कि पार्टी नेतृत्व ने पवार के नाम पर सहमति देते हुए उनको समर्थन देने का निर्णय लिया है।

## दर्दनाक हादसा, कार ने बाइक को मारी टक्कर दो नाबालिगों की मौत

**सतना।** एमपी के सतना-चित्रकूट स्टेट हाईवे पर चितहरा मोड़ के पास मंगलवार देर रात कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो नाबालिग किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों के शव सड़क से 50 मीटर दूर पड़े मिले। मृतकों की पहचान पुराने खेर चितहरा निवासी प्रमोद सिंह पिता लेखन सिंह और मोहित सिंह पिता नरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। दोनों की उम्र 17 साल बताई गई है। दोनों लड़के पास के गांव कठौता में एक दोस्त की जन्मदिन पार्टी में शामिल होने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। मझगवां थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे के अनुसार, चित्रकूट की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने चितहरा मोड़ पर बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों किशोरों के शव सड़क के अलग-अलग किनारों पर गिरे मिले, जबकि बाइक करीब 50 मीटर दूर जा गिरी।

# इजराइल का फिलिस्तीनी रिफ्यूजी कैंप पर हमला

### ईरान की धमकी- इजराइली न्यूक्लियर सेंटर को निशाना बना सकते हैं, अमेरिका ने भारत से लौट रहे ईरान युद्धपोत पर हमला किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज छठा दिन है। इस बीच इजराइल ने लेबनान के त्रिपोली शहर में स्थित फिलिस्तीनी शरणार्थी कैंप पर हमला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला बेद्दावी रिफ्यूजी कैंप में हुआ, जो उत्तरी लेबनान का सबसे बड़ा फिलिस्तीनी शरणार्थी कैंप माना जाता है।

इस बीच ईरान ने इजराइल को कड़ी चेतावनी दी है। एक ईरानी सैन्य अधिकारी ने कहा कि अगर अमेरिका और इजराइल, ईरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश करते हैं, तो ईरान इजराइल के डिमोना न्यूक्लियर सेंटर को निशाना बना सकता है। ईरानी



न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अधिकारी ने कहा कि ऐसी किसी भी कार्रवाई की स्थिति में दक्षिणी इजराइल में स्थित इस परमाणु केंद्र पर हमला किया जा सकता है।

### अमेरिका ने ईरान युद्धपोत पर हमला किया

- अमेरिका ने बुधवार को भारत से लौट रहे एक ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस देना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया है। हमले में अब तक 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए हैं। यह जानकारी श्रीलंकाई सरकार ने दी है।
- अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बताया कि हिंद महासागर में अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरानी जहाज को टॉरपीडो से निशाना बनाकर डुबा दिया। श्रीलंका की नेवी ने 32 घायल नौसैनिकों का रेस्क्यू कर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है।
- जहाज पर लगभग 180 नौसैनिक सवार थे। लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। यह ईरानी युद्धपोत पिछले महीने भारत के विशाखापट्टनम में आयोजित 2026 इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में हिस्सा लेकर लौट रहा था।
- श्रीलंकाई अधिकारियों ने अल जजीरा को बताया कि बुधवार सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच (भारतीय समय के मुताबिक) मदद के लिए मैसेज भेजा। यह जहाज दक्षिणी श्रीलंका के गाले शहर से करीब 40 समुद्री मील (करीब 75 किलोमीटर) दूर था।

### सरकार की अपील पर किसानों ने लगाई मक्का


## एमएसपी पर खरीद नहीं हुई, मंडी में आधे रेट मिले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

केंद्र सरकार की नीति है कि पेट्रोल में 20 प्रतिशत तक एथेनॉल मिक्स किया जाए, ताकि ईंधन के लिए विदेशों पर निर्भरता कम हो। इसके लिए किसानों से कहा गया कि ज्यादा से ज्यादा मक्का उगाएं। केंद्र ने मक्का का समर्थन मूल्य 8 प्रतिशत बढ़ाकर 2400 रुपए प्रति क्विंटल तय किया।

तेल कंपनियों ने भी मक्का से बने एथेनॉल के लिए प्रति लीटर 5.79 रुपए तक बोनस की घोषणा की। नतीजा ये कि मप्र में एक साल में मक्का का रकबा 7 लाख हेक्टेयर से ज्यादा और उत्पादन 21 लाख मीट्रिक टन बढ़ गया। लेकिन, जब बेचने की बारी आई तो किसानों की लागत भी नहीं निकल पाई। समर्थन मूल्य खरीदी तो हुई ही नहीं, मंडियों में भी औसत दाम 1500 से 2000 तक रहे। यानी न सरकार से समर्थन मिला और न बाजार से।

कुछ हफ्तों पहले मांग बहुत कम होने से मालवा-निमाड़ की दूरदराज



मंडियों में दाम 1100 रुपए प्रति क्विंटल तक हो गए थे, जबकि इसकी लागत ही करीब 1500 रु. प्रति क्विंटल है। अब किसान खुद को छला हुआ महसूस कर रहे हैं। जिस सरकार के कहने पर उत्पादन बढ़ाया, वही अब खरीद न करने के तमाम कारण गिना रही है। मप्र में करीब 85 लाख किसान हैं, इनमें 15 लाख से अधिक मक्का उगाते हैं।

## महाकाल मंदिर के पास एमपीटी होटल में 'नॉनवेज' पर बवाल

### सीसीटीवी में सुनाई दिया- मुर्गा-मछली वाले हाथ धो लो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के होटल सम्राट विक्रमादित्य द हेरिटेज होटल (महाराजवाड़ा) में नॉनवेज पकाने का वीडियो सामने आया है। यह होटल शहर के सबसे महंगे होटलों में शामिल है और महाकाल मंदिर से सिर्फ 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। खास बात यह है कि होटल मध्य प्रदेश पर्यटन निगम से संचालित है।

शुद्ध शाकाहारी घोषित इस होटल के वीडियो में स्टॉफ होटल के अधिकारियों और अपने लिए रात में मांस- मछली पकाते हुए दिखाई दे रहा है। इस दौरान कर्मचारी कहते सुनाई दे रहे हैं कि मुर्गा-मछली के हाथ धो लेना। इतना ही नहीं नॉनवेज पकाते समय रात में किचन के सीसीटीवी कैमरे का एंगल भी बदल दिया जाता है। एमपीटी के इस होटल के अफसरों और स्टाफ की इस करतूत को उजागर करने वाले सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं।



- **एक साल पहले मुख्यमंत्री ने किया था उद्घाटन-** करीब 18 करोड़ रुपए की लागत से महाराजवाडा स्कूल की वर्षों पुरानी बिल्डिंग को हेरिटेज होटल में बदलकर महाकाल के भक्तों के लिए तैयार किया गया था। मार्च 2025 में सीएम मोहन यादव ने इसका उद्द्घाटन किया था। वीडियो वायरल होने के बाद उज्जैन में हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता भी नाराज हो गए। उन्होंने कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में हेरिटेज होटल के कर्मचारियों ने ही वीडियो उपलब्ध करवाकर 22 फरवरी को एक शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने हेरिटेज होटल के मेल आईडी का उपयोग कर नॉनवेज बनने की शिकायत भोपाल एमपीटी कार्यालय में की थी।
- **अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में-** सम्राट विक्रमादित्य द हेरिटेज होटल (महाराजवाड़ा) में लाइजिंग ऑफिसर अजय राणावत का मुख्य काम होटल में आने वाले अतिथियों को मंदिर में महाकाल के दर्शन करवाना और आरती में शामिल कराना है, लेकिन सीसीटीवी में दिख रहा है कि वह अपनी जिम्मेदारी से हटकर होटल के किचन से जुड़े कामों में हस्तक्षेप कर रहा है। जिससे उसकी भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है।

### ईरानी जंगी जहाज आइरिस देना पर श्रीलंका के पास खतरनाक हमला

## 100 से ज्यादा लोग लापता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलंबो

श्रीलंका के गाले तट के पास ईरान के आधुनिक युद्धपोत आइरिस देना पर कथित पनडुब्बी हमला होने की खबर से हिंद महासागर में हलचल मच गई है। जहाज पर मौजूद 180 क्रू में से 100 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं, जबकि कई घायल हैं और बचाव अभियान जारी है।

ईरानी नौसेना के जंगी जहाज आइरिस देना पर हुए हमले ने हिंद महासागर में खलबली मचा दी है। श्रीलंका के तट के पास हुए इस हादसे



के बाद बड़े पैमाने पर राहत और बचाव कार्य जारी है।

ईरान का एक बेहद आधुनिक जंगी जहाज आइरिस देना श्रीलंका के गाले शहर के तट से लगभग 40 समुद्री मील दूर डूबने लगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस जहाज पर पनडुब्बी से हमला किया गया था, जिसके बाद जहाज से मदद की गुहार भेजी गई। यह इलाका श्रीलंका की समुद्री सीमा के ठीक बाहर है। जैसे ही इस हमले की खबर मिली, श्रीलंका की नौसेना और वायुसेना तुरंत हरकत में आ गई। विदेशी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस हादसे के बाद 100 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं, जबकि कम से कम 78 लोग घायल हुए हैं। जब यह हादसा हुआ, उस समय जहाज पर 180 लोगों का क्रू मौजूद था। सुबह तड़के जब जहाज में पानी भरना शुरू हुआ, तो अफरा-तफरी मच गई।



## खबर एक नजर...

### 14 साल की किशोरी ने दिया मृत शिशु को जन्म

**उज्जैन।** 14 साल की किशोरी द्वारा मृत शिशु को जन्म देने का मामला मंगलवार को सामने आया। अस्पताल से खबर मिलने पर पुलिस पहुंची, लेकिन परिवार ने चुप्पी साध ली। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। परिजनों से पूछताछ के प्रयास जारी है। माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि निजी अस्पताल से सूचना मिली थी कि इंगोरिया क्षेत्र से 14 साल की बालिका को परिजन लेकर आये थे। बालिका ने मृत शिशु को जन्म दिया है। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और परिजनों से पूछताछ का प्रयास शुरू किया। लेकिन वह कुछ बताने को तैयार नहीं थे। शिशु को जन्म देने वाली बालिका का स्वास्थ्य ठीक नहीं था उसका उपचार चल रहा था। जिसके चलते उससे पूछताछ नहीं हो पाई है। फिलहाल मर्ग कायम किया गया है। जांच के लिये इंगोरिया थाना पुलिस को भी अवगत कराया गया है। शिशु का पोस्टमार्टम परीक्षण कराया जायेगा। वहीं परिजनों के बताने पर ही घटना का सच सामने आ पायेगा। बताया जा रहा है कि शिशु को जन्म देने वाली किशोरी के साथ गलत हुआ है। जिसके चलते उसकी ऐसी स्थिति बनी है। लेकिन इतने समय तक परिवार ने मामले का दबाकर रखा जिससे कई तरह की शंका ने जन्म ले लिया है। जांच के बाद मामले में आगे की कार्रवाई पुलिस द्वारा की जायेगी।

### पैसेंजर ट्रेन के गेट पर खड़ा यात्री गिरा, मौत

उज्जैन। रेलवे स्टेशन पर मंगलवार शाम पैसेंजर ट्रेन के गेट पर खड़ा यात्री गिर गया। उसे अस्पताल लाया गया, जहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जीआरपी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। बताया जा रहा है कि 5.30 से 6 बजे के बीच प्लेटफार्म नम्बर 4 पर गुना-नागदा के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन पहुंची थी। ट्रेन का प्लेटफार्म पर स्टापेज होने से पहले गेट पर खड़ा एक यात्री गिर गया। उसे सिर में चोंट लगी। तत्काल लोगों की मदद से उसे उठाया गया और चरक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। घटनाक्रम होने पर जीआरपी पहुंच गई थी। इस दौरान सामने कि गेट पर खड़े रहने के दौरान मोबाइल से बात कर रहा था, अचानक झटका लगने पर गिरा था। जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि मृतक के पास मिले दस्तावेज और मोबाइल से पहचान के प्रयास करने पर सामने आया कि शुजालपुर का रहने वाला मोहम्मद अशफाक 50 साल है। वह ट्रेन से उज्जैन आया था। परिजनों को सूचना देने पर उज्जैन में रहने वाले रिश्तेदार अस्पताल पहुंच गये थे। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर देर शाम पोस्टमार्टम कराया गया।

### पिपलीनाका क्षेत्र में मकानों के प्रभावित हिस्से सात दिन में हटाने के नोटिस

**उज्जैन।** पिपलीनाका क्षेत्र के दोनों मार्गों के चौड़ीकरण के लिए निशान लगाने के बाद मंगलवार को नगर निगम ने प्रभावितों को नोटिस वितरित किए। नोटिस में भवन स्वामियों को प्रभावित हिस्सों को 7 दिन में खाली करने का समय दिया है। निगम के जोन 1 के भवन अधिकारी व निरीक्षक के हस्ताक्षर से ये नोटिस पिपलीनाका (जोन कार्यालय एक) से गढ़कालिका मंदिर होते हुए ओखलेश्वर श्मशान तक और पिपलीनाका से भैरवगढ़ जेल चौराहा तक के भवन-प्रतिष्ठान स्वामियों को वितरित किए हैं। टीम जब नोटिस बांटने पहुंची तो कई जगह जनता के विरोध-नाराजगी का सामना करना पड़ा। कुछ महिलाएं टीम से सवाल करती रही कि भवन का अधिकांश हिस्सा चौड़ीकरण में चले जाने पर उनका परिवार रहेगा कहां दो वृद्ध महिलाएं इस बात से नाराज दिखाई दी कि चौड़ीकरण में उनका पूरा ही मकान जा रहा है। ये टूट जाएगा तो वे कहां रहेंगी? टीम के पास कोई जवाब नहीं थे। टीम नोटिस वितरित कर आगे बढ़ती रही। यह दोनों मार्ग शासन-प्रशासन ने सिक्स लेन यानी 150 फीट चौड़े करना प्रस्तावित किए थे। जनता के विरोध के बाद शासन ने इनकी चौड़ाई 100 फीट करते हुए निशान लगाए। जनता 80 फीट की मांग पर अड़ी है। इस बीच नोटिस जारी किए हैं। बताया जा रहा है जल्द ही मौके पर काम शुरू किया जाएगा।

# आस्था का बल : जलते अंगारों पर श्रद्धालु





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

समीपस्थ ग्राम चक्रावदा में धुलेंडी के दिन भारी रोमांच और कौतुहल का वातावरण था। आसपास के शहरों से लोग चूल पर चलते लोगों को देखने जुटे रहे। ठीक ग्यारह बजे जब अंगारों का चूल सजा और धधकती आग के बीच श्रद्धालु दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलते हुए निकले तो एकबारगी सन्नाटा छा गया। एक के बाद एक जब बच्चे व युवतियां चूल पर चलने लगे तो ढोल की थाप पर बाबा चक्रेश्वर के जयकारे लगने लगे।

**सैकड़ों वर्ष पुरानी है परंपरा-** ग्राम चक्रावदा के कमल पटेल ने बताया कि चकरावदा में भगवान शिव का प्राचीन मंदिर है जो चक्रेश्वर महादेव के नाम से विख्यात है। मंदिर के प्रांगण मे हर वर्ष होलिका दहन के अगले दिन यानी धुलेंडी पर चूल की परंपरा का आयोजन होता है। पहले चूल सजाया जाता है उसके बाद दहकते अंगारों के ऊपर श्रद्धालुजन नंगे पैर चलते हुए निकलते हैं। आस्था से ओतप्रोत महिलाएं मनोकामना पूरी होने पर बड़ी श्रद्धा के साथ चूल पर चलती हैं। कुछ महिलाएं हाथ मे कलश लेकर निकलती हैं तो कुछ लोग नारियल हाथ मे लेकर चूल पर चलते हैं।

### युवतियों में अपार उत्साह

चक्रेश्वर महादेव मंदिर में धधकती आग के मध्य गर्म अंगारों पर चलने की होड़ देखी गई। श्रद्धालुओं में वैसे तो सभी आयुवर्ग के लोग थे किन्तु युवतियों की संख्या ज्यादा नजर आई। उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही कुछ युवतियां भी श्रद्धा व उत्साह के साथ अंगारों पर नंगे पैर चलती दिखीं। युवती मंजू ने बताया कि वह विगत चार वर्षों से हर साल चूल पर चलती है और ये चमत्कार ही है कि उनको भय नहीं लगता साथ ही पांव मे जलन का एहसास भी नहीं होता। किशोर कैलाश का अनुभव भी बड़ा मजेदार है। कैलाश अपने मित्र के साथ धुलेंडी पर चूल देखने आया और जब इतने सारे श्रद्धालुओं को चूल पर चलते देखा तो यकायक वह भी गर्म अंगारों पर चल पड़ा। मंदिर के पुजारी व बुजुर्ग चूल पर मंत्रोच्चार के साथ अग्नि प्रज्जवलित करते रहते हैं। विज्ञान व तकनीक के इस युग में इस चमत्कार के साक्षी बनने लोग दूर-दूर से चकरावदा पहुंचते हैं।

# श्री चिंतामण गणेश मंदिर में चैत्र मास की शाही जत्रा

### भगवान श्री गणेश का पंचामृत अभिषेक के साथ भव्य श्रृंगार, हजारों श्रद्धालु पहुंचे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री चिंतामण गणेश मंदिर में चैत्र मास के दौरान विशेष जत्रा आयोजित किए जाने की परंपरा निभाई जाती है। पहली जत्रा बुधवार से शुरू हुई। प्रसिद्ध चिंतामण गणेश मंदिर में होने वाली जत्रा का विशेष महत्व है। यहां प्रति वर्ष चैत्र माह के बुधवार को जत्रा का आयोजन होता है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

मान्यता है कि जत्रा के दौरान भगवान गणेश जी के दर्शन से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस दौरान किसान अपनी फसल भगवान को अर्पित करने भी पहुंचते हैं।

चैत्र माह के पहले बुधवार को जत्रा के आयोजन पर सुबह 4 बजे पट खुलते ही भगवान श्री गणेश का पंचामृत अभिषेक कर भव्य श्रृंगार किया गया।



जत्रा को लेकर सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। अनुमान है कि देर शाम शयन आरती तक हजारों भक्त दर्शन लाभ के लिए पहुंचेंगे। इस बार कुल पांच जत्राएं होंगी, जो क्रमशः 11 मार्च, 18 मार्च, 25 मार्च और 1 अप्रैल को आयोजित की जाएंगी। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त चिंतामण मंदिर पहुंचकर भगवान गणेश का आशीर्वाद लेंगे।

# होली उत्सव में 3 नाबालिगों पर चाकू से जानलेवा हमला

### बाथरूम का दरवाजा तोड़ 1 को पकड़ा, 2 की तलाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

होली उत्सव होने पर सोमवार-मंगलवार क्रिकेट खेल रहे 3 नाबालिगों पर शराब रहे चार लोगों ने पत्थर फेंके। नाबालिग पूछने गये तो उन पर चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस ने 2 को हिरासत में लिया है, जिसमें एक को बाथरूम का दरवाजा तोड़कर पकड़ा गया।

जीवाजीगंज थाना एसआई दौलतसिंह रावत ने बताया कि ग्यारसी नगर में होली उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। होली सजाई गई थी, जिसका दहन मंगलवार तड़के किया जाना था। जिसके चलते कुछ बच्चे रात में होलिका दहन स्थल के पास क्रिकेट खेल रहे थे। रात डेढ़ बजे के लगभग अचानक कुछ पत्थर क्रिकेट खेल रहे बच्चों की ओर आये। तीन बच्चे कृष्णा पिता मूलचंद कछावा 22 साल निवासी उदूर्पुरा, हार्दिक पिता जगदीश नामदेव 15 साल और हेमंत पिता राकेश अहिरवार 19 साल निवासी ज्ञान टेकरी जिस ओर से पत्थर आये उस ओर पहुंचे। जहां एक मकान के पास चार लोग शराब पी रहे थे। उनसे पत्थर फेंकने की बात पूछी गई तो चारों ने विवाद शुरू कर दिया और चाकू से हमला कर दिया। तीनों बच्चे घायल हो गये, शोर सुनकर तीनों बच्चों के अन्य साथी पहुंचे तो चाकू मारने वाले भाग निकले। रात्रि में पेट्रोलिंग कर रही पुलिस खबर मिलते ही मौके पर पहुंची। घायल बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया और चाकू मारने वालों की तलाश शुरू की गई। इस दौरान मकान के पास बाथरूम का दरवाजा तोड़कर एक को हिरासत में लिया गया। जिसका नाम आनंद सामने आया है। वहीं दूसरे व्यक्ति शुभम को क्षेत्र से पकड़ा गया। जिनके खिलाफ जानलेवा हमला करने का प्रकरण दर्ज किया गया है। चाकूबाजी में राज और एक अन्य के शामिल होने की जानकारी मिली है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। हार्दिक को चाकूबाजी में गंभीर चोंट लगी है।

### बड़नगर मंडी पांचवे दिन भी बंद रहेगी, किसान परेशान

# व्यापारी-हम्मालों के बीच डाला भरवाई विवाद पर आज होगी बैठक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

व्यापारी और हम्मालों के बीच राशि बढ़ाने के विवाद को लेकर बड़नगर में 5 मार्च को भी मंडी बंद रहेगी। निलामी कार्य और खरीद-फरोख्त नहीं होगी हो सकेगी। पिछले चार दिनों से कृषि उपज मंडी बंद है। पांचवे दिन गुरुवार को भी मंडी शुरू नहीं हो पाएगी।

मंडी प्रशासन द्वारा व्यापारियों और हम्मालों के बीच चल रहे विवाद के निराकरण को लेकर 5 मार्च को एक बैठक बुलाई गई है। बैठक में निर्णय होने



के बाद ही मंडी प्रारंभ होगी।

उज्जैन जिले की तहसील बड़नगर में कृषि उपज मंडी में फसल बेचने आए किसान पिछले पांच दिन से परेशान हो रहे है। शुक्रवार को व्यापारियों और हम्मालों में डाला भरवाई की राशि बढ़ाने को लेकर विवाद हो गया। इसके चलते नीलामी कार्य बंद हो जाने से उपज बेचने आए आक्रोशित सैकड़ों किसानों ने मंडी के मुख्य गेट पर ताला लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया था। दरअसल, हम्माल एसोसिएशन की मांगें दो माह पूर्व मंडी सचिव को लिखित में दी थी। लेकिन मंडी सचिव द्वारा हम्माल एसोसिएशन के आवेदन पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया।

**मंडी खुलवाने के लिए प्रयास जारी-** चार दिन से दूरदराज से आए सैकड़ों किसान परेशान होते रहे। शुक्रवार को किसानों द्वारा मंडी में प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही एसडीएम धीरेंद्र पाराशर भी मंडी पहुंच गए। पूर्व विधायक मोरवाल ने अधिकारी पाराशर से भी इस मामले को लेकर चर्चा की लेकिन कोई हल नहीं निकला। आज बैठक में निर्णय निकलने की सम्भावना है।

उज्जैन
गुरुवार
05
मार्च, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

सकलापि कला कलावतां विकला धर्मकलां विना खलु।
सकले नयने वृथा यथा तनुभाजां कनीनिकां विना।।

**अर्थः** जिस प्रकार किसी के बिना मनुष्य की आंखें फीकी पड़ जाती हैं, उसी प्रकार धर्म की कला के बिना सारी कलाएं बेकार हैं।

## खबर एक नजर...

### पाइप के विवाद पर हवाई फायरिंग, आदिवासी युवक को जातिसूचक शब्द कहे

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम हिगोनिया में पाइप को लेकर हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने पहले जातिसूचक गालियां दीं और फिर दो नाली बंदूक से हवाई फायर कर दहशत फैला दी। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक फरियादी शांतिलाल बामनिया (40), निवासी जेडएम स्कूल के पास, ग्राम हिगोनिया, 2 मार्च की शाम 6:30 बजे अपने घर के सामने बैठे थे। इसी दौरान गांव के ही बलराम बैरागी वहां पहुंचे। शांतिलाल ने बलराम से पूछा कि उनका पाइप यदि उन्होंने लिया है तो उसे वापस कर दें। इस बात पर बलराम भड़क गया और अपशब्द कहते हुए जातिसूचक टिप्पणी की। इसके बाद वह वहां से चला गया। शांतिलाल ने पुलिस को बताया कि थोड़ी देर बाद आरोपी दो नाली बंदूक लेकर वापस आया। बंदूक दिखाकर धमकाया। शांतिलाल डर के चलते वहां से भागने लगे। इस दौरान पीछे से बलराम ने हवाई फायर कर दिया। फायरिंग से क्षेत्र में दहशत फैल गई। हालांकि इस घटना में कोई घायल नही हुआ।

### इंदौर में महिलाओं से मारपीट के दो मामले

**इंदौर।** इंदौर के आजाद नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई कि पूर्व विवाद के चलते आरोपी उसके भाई के साथ मारपीट कर रहे थे। भाई की आवाज सुनकर जब वह मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ भी गाली-गलौज की और मारपीट की। युवती ने आरोप लगाया कि इस दौरान उसके कपड़े भी खींचे गए। पुलिस ने शांतिनगर निवासी युवती की शिकायत पर संदीप पाटीदार और गणपति पाटीदार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। युवती के अनुसार, उसकी मां जब बीच-बचाव के लिए पहुंचीं तो आरोपियों ने उन्हें भी धक्का दे दिया। घटना के बाद पीड़िता अपने भाई के साथ थाने पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराई।

दूसरा मामला एरोड्रम थाना क्षेत्र का है। छोटा बागड़दा निवासी रंजना नाम की महिला, जो पेशे से आर्टिस्ट हैं, ने अपने पति कमलेश नामदेव पर मारपीट का आरोप लगाया है। शिकायत के मुताबिक, वह घर पर बेटे के साथ थीं, तभी पति ने कपड़ों को लेकर आपत्ति जताते हुए अपशब्द कहे और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि पति ने उन्हें घर से बाहर निकाल दिया और बाहर भी मारपीट की। बेटे ने बचाव किया तो उसे भी पीटा गया। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है। दोनों मामलों में पुलिस जांच कर रही है।

### होली विवाद बना हत्या का कारण, चार आरोपी फरार

**इंदौर।** इंदौर के भंवरकुआ क्षेत्र में कंपनी कर्मचारी आदित्य जमरे की हत्या के मामले में पुलिस चार आरोपियों की तलाश कर रही है। दोस्तों के अनुसार आदित्य घर के पास खड़ा था, तभी आरोपी अरुण अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और रंग लगाने को लेकर विवाद हो गया। उस समय साथियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया। करीब 15 मिनट बाद आरोपी नशे की हालत में दोबारा लौटा और आदित्य को पास के मैदान में ले जाकर चाकू मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। भंवरकुआ क्षेत्र में शिव पार्वती नगर निवासी आदित्य पुत्र जयराम जमरे की अरुण नामक युवक ने सीने में चाकू मारकर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस मयंक धामने, मोहित और दीपेश की भी तलाश कर रही है। दोस्तों के मुताबिक होली के दौरान अरुण ने आदित्य को रंग लगा दिया था, जिस पर आदित्य ने नाराज होकर उस पर हाथ उठा दिया। दोनों के बीच कहासुनी हुई, लेकिन साथियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया।

### इंदौर एयरपोर्ट का पुराना टर्मिनल तैयारः 15 मार्च तक हो पूरा जाएगा काम

# 50 करोड़ रुपये की राशि से डेवलप हुआ


ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर एयरपोर्ट का पुराना टर्मिनल नए रूप में निखरता जा रहा है। यह पहला एयरपोर्ट टर्मिनल होने के कारण इसे देवी अहिल्या बाई होलकर एयरपोर्ट टर्मिनल-1 नाम दिया है। टर्मिनल पर नए नाम का बोर्ड भी सज चुका है। 15 मार्च तक सभी काम पूरे करते हुए 1 अप्रैल से इसे शुरू करने की तैयारी है। यह 50 करोड़ की लागत से तैयार होगा।

एयरपोर्ट पर बढ़ती यात्री संख्या को देखते हुए नया एयरपोर्ट टर्मिनल बनाया था। 2012 में पुराने टर्मिनल को बंद करते हुए नए टर्मिनल का उपयोग शुरू किया था। नए टर्मिनल की सालाना यात्री क्षमता 40 लाख यात्रियों की थी।

पिछले कुछ सालों में जब यात्री संख्या तेजी से बढ़ने लगी तो एक और नया टर्मिनल बनाने की योजना तैयार की गई, लेकिन समय पर जमीन न मिल पाने के कारण यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुराने टर्मिनल को ही नए रूप में संवारने का निर्णय लिया गया, ताकि नया टर्मिलन बनने तक यात्रियों को परेशानी न हो।

अब तक टर्मिनल नए रूप में लगभग तैयार हो चुका है। इस पर 50 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च की गई है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने इसे टर्मिनल-1 नाम दिया है। इसके बाद एयरपोर्ट के मौजूदा संचालित टर्मिनल को टर्मिनल-2 कहा जाएगा।



#### निर्माण लगभग पूरा, अब सभी अनुमतियों की बारी

एयरपोर्ट डायरेक्टर सुनील मग्गीरवार ने बताया कि एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल को नए रूप में तैयार करने का काम 15 मार्च से पहले पूरा कर लिया जाएगा। इसे संचालित करने से पहले यहां फायर, एन्वायर्नमेंट और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटीज ऑफ इंडिया (बीसीएएसआई) की एनओसी लेना जरूरी होगी। एयरपोर्ट प्रबंधन ने उनके लिए आवेदन कर दिया है। कुछ इंस्पेक्शन हो चुके हैं, कुछ होना बाकी हैं। उम्मीद है मार्च में सभी अनुमतियां मिल जाएंगी।

#### एटीआर विमानों का होगा संचालन

इस टर्मिनल से एयरपोर्ट पर आने और जाने वाले सभी छोटे एटीआर विमानों का संचालन किया जाएगा। वहीं नए टर्मिनल से बड़े विमानों का संचालन जारी रहेगा। इंदौर एयरपोर्ट पर रोजाना करीब 36 एटीआर विमान आते और जाते हैं। इसके कारण मौजूदा टर्मिनल पर यात्रियों का दबाव कम होगा और यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी।

**मंत्री नायडू को कर सकते हैं उद्घाटन-** एयरपोर्ट प्रबंधन की कोशिश है कि 29 मार्च से लागू होने वाले समर शेड्यूल से पहले इस एयरपोर्ट का सारा काम हो जाए और सभी मंजूरियां भी मिल जाएं, ताकि नए शेड्यूल में यहां से उड़ानों का संचालन शुरू किया जा सके। उम्मीद जताई जा रही है कि केंद्रीय उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू 1 अप्रैल को इस टर्मिनल का उद्घाटन करने इंदौर आ सकते हैं। इसके लिए हाल ही में सांसद शंकर लालवानी ने उनसे दिल्ली में मुलाकात भी की थी।

**जल्द शुरू होगा नया टर्मिनल निर्माण-** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अतिरिक्त नए टर्मिनल के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। जिसकी लागत लगभग 492 करोड़ रुपए है। इसका क्षेत्रफल करीब 82,000 वर्ग मीटर है। नए टर्मिनल की टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी होने की उम्मीद है, निर्माण 3 साल में पूरा होने का लक्ष्य रखा गया हैं।

# एयरपोर्ट परिसर के पास लगी आग

## सूखी झाड़ियों के कारण दूर से दिखाई दे रही थीं लपटें, दमकलों ने काबू पाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के देवी अहिल्या बाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परिसर के पास बुधवार शाम सूखी झाड़ियों में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में दूर-दूर तक धुआं और लपटें नजर आ रही थीं।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके के लिए रवाना हुई। साथ ही एयरपोर्ट थाना पुलिस बल भी क्षेत्र में पहुंचा और हालात पर नियंत्रण की कार्रवाई शुरू की। दमकलों ने आग पर काबू पा लिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, एयरपोर्ट परिसर और आसपास के इलाके में बड़ी मात्रा में सूखी झाड़ियां फैली हुई हैं। गर्मी और सूखे मौसम के चलते यहां आग लगने की घटनाएं आम हो गई हैं। कुछ दिन पहले भी इसी तरह झाड़ियों में आग भड़कने का मामला सामने आया था। आग लगने का कारण स्पष्ट नही हो पाया है।



# मां के सामने 5वीं मंजिल से कूदा युवक, मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के चंदन नगर थाना क्षेत्र स्थित ताप्ती परिसर में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात एक युवक ने पांचवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना रात करीब 2 से 3 बजे के बीच की बताई जा रही है। मृतक की पहचान राज (23) पिता मनोज मकवाना के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गर्मी लगने के कारण वह रात में अपनी मल्टी के नीचे टहल रहा था। चौकीदार ने उससे देर रात घूमने की वजह पूछी। इसी दौरान वहां पुलिस की गाड़ी भी पहुंच गई। जानकारी के मुताबिक पुलिसकर्मी ने राज को रोककर पूछताछ की और उसे थप्पड़ भी मारे। परिवार का आरोप है कि इसके बाद राज घबरा गया और पकड़े जाने के डर से मल्टी की पांचवीं मंजिल पर पहुंचकर नीचे कूद गया। गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है। शुरूआती जानकारी में यह भी सामने आया है कि राज मानसिक तनाव से जूझ रहा था। उसका इलाज चल रहा था।

# इंदौर आईटी कंपनियों ने किया 4 हजार करोड़ का एक्सपोट

## सुपर कॉरिडोर-रऐ की अकेली टीसीएस की 1864.39 करोड़ हिस्सेदारी, 2024 से 264.82 करोड़ ज्यादा का एक्सपोर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

क्रिस्टल आईटी पार्क और सुपर कॉरिडोर पर मौजूद स्पेशल इकॉनामिकल झोन वाली आईटी कम्पनियों ने विदेशों में 4 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का एक्सपोर्ट किया है। इस तरह अकेले इंदौर का आईटी एसईझेड फॉरेन करेंसी मतलब विदेशी मुद्रा कमाने और भारत सरकार का खजाना भरने में अहम भूमिका निभा रहा है।




शहर में आईटी कम्पनियों से सम्बंधित एसईझेड मतलब स्पेशल इकॉनामिकल झोन एमपीआईडीसी के क्रिस्टल आईटी पार्क और सुपर कॉरिडोर पर मौजूद हैं। इन एसईझेड में मौजूद आईटी मल्टीनेशनल इंडियन आईटी कंपनियों ने 12 महीनों 1 जनवरी से 31 दिसम्बर तक विदेशों में 4 326.16 करोड़ रुपए का एक्सपोर्ट सम्बन्धित कारोबार किया है। स्पेशल इकॉनामिकल झोन इंदौर कार्यालय के अनुसार क्रिस्टल आईटी पार्क से संचालित एसईझेड आईटी कंपनियों ने 635.27 करोड़ रुपए का एक्सपोर्ट बिजनेस किया है। इसी तरह इम्पिटस इंफोटेक कंपनी ने 769.15 करोड़ रुपए विदेशों में कारोबार किया है। इसके अलावा सुपर कॉरिडोर पर मौजूद एसइझेड में टीसीएस आईटी कम्पनी ने 1864.39 करोड़ और इंफोसिस ने 953.22 करोड़ के अलावा यस टेक्नोलॉजी आईटी कम्पनी ने 104.13 करोड़ रुपए का विदेशों में कारोबार किया है। इस तरह इंदौर एसईझेड आईटी कम्पनियों ने 432616 करोड़ रुपए का एक्सपोर्ट बिजनेस कर सरकार का खजाना भरने में अपनी भागीदारी भी निभाई है।

**साल 2024 से 264.82 करोड़ रुपए ज्यादा का एक्सपोर्ट-** साल 2025 में इंदौर की सेज मतलब एसईझेड आईटी कंपनियों ने इसके पहले 2024 की अपेक्षा 264.82 करोड़ से ज्यादा रुपए का एक्सपोर्ट किया है, जो कि 6.52 प्रतिशत ज्यादा है। साल 2024 में क्रिस्टल पार्क की आईटी कम्पनियों ने 595.51 करोड़ इम्पिटस इंफोटेक ने 713.97 करोड़, इंफोसिस ने 797.7 करोड़, टीसीएस ने 1860.7 करोड़, यस टेक्नोजी ने 93.46 करोड़ रुपए का एक्सपोर्ट कारोबार किया था। साल 2025 में एक्सपोर्ट कारोबार साल 2024 की अपेक्षा 6.68 प्रतिशत ज्यादा रहा है। इंदौर को आईटी हब बनाने में क्रिस्टल आईटी पार्क इंदौर की बड़ी अहम भूमिका है। इसे एमपीआईडीसी मतलब मध्य प्रदेश इंडस्ट्रीज डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन ने बनाया था यह भंवरकुआं क्षेत्र में स्थित है। इसमे स्पेशल इकोनॉमिकल झोन के अलावा अन्य इन्दौरी आई टी कम्पनियां भी सन्चालित है। यह इंदौर एयरपोर्ट से 10 किमी दूर है और रेलवे स्टेशन सहित बस स्टैंड 5 किमी की दूरी पर है। यह पूरी तरह से आधुनिक वातानुकूलित है।

## खबर एक नजर...

### बैठक में शामिल हुए राष्ट्रीय पदाधिकारी, सामाजिक कार्यों की रूपरेखा तय

**उज्जैन।** मानव अधिकार संरक्षण संगठन की उज्जैन इकाई द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें संगठन के विस्तार, सामाजिक कार्यों और मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा हुई। हेतल शाह के अनुसार बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित द्विवेदी, राष्ट्रीय संरक्षक विजय शंकर मिश्रा और राष्ट्रीय सचिव संतोष यादव विशेष रूप से शामिल हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन को मजबूत बनाने और जमीनी स्तर पर कार्य करने के लिए कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रितु अग्रवाल, संभाग प्रभारी हेमा दलाल, लता अग्रवाल, हेतल शाह, आरती गुप्ता, आरती त्रिपाठी, ममता मित्तल, निशा राठी और लक्ष्य अग्रवाल उपस्थित थे।

### उज्जैन में निर्माण कार्यों और ट्रैफिक जाम से जनता बेहाल, प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

**उज्जैन।** शहर में चल रहे निर्माण कार्य, सड़क चौड़ीकरण और अधूरे पड़े कार्यों के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बिना पूर्व सूचना के रास्ते बंद कर दिए जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए लंबे चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने इस अव्यवस्था पर कड़ी आपत्ति जताते हुए प्रशासन से तत्काल कदम उठाने की मांग की है। रवि राय ने कहा कि पूरे शहर का यातायात अस्त-व्यस्त है और नागरिकों को यह स्पष्ट जानकारी नहीं है कि कौन सा मार्ग खुला है, कौन सा बंद है या आगे कब बंद किया जाएगा। उन्होंने मांग की है कि जिला प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम के अधिकारी तत्काल एक संयुक्त बैठक कर यातायात के लिए सुलभ मार्ग तय करें। मार्गों की स्थिति तय करने के बाद आम जनता को इसकी स्पष्ट जानकारी दी जानी चाहिए ताकि उन्हें भटकना न पड़े।

निर्माण कार्यों के कारण उड़ने वाली धूल और मिट्टी से प्रदूषण बढ़ गया है, जिससे राहगीर और स्थानीय नागरिक भारी परेशान हैं। राय ने सुझाव दिया कि नगर निगम अपने संसाधनों का उपयोग कर निर्माणाधीन मार्गों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव करे ताकि धूल न उड़े।

### मोक्षदायिनी शिप्रा नदी की बदहाली पर एनजीटी ने अपनाया कड़ा रूख

# त्रिवेणी से भैरवगढ़ तक टीम ने किया निरीक्षण

### उज्जैन के प्रमुख घाटों पर स्थिति चिंताजनक, स्टॉपडैम और रिटेनिंग वाल के कार्यों का भी निरीक्षण




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मोक्षदायिनी शिप्रा नदी की वर्तमान स्थिति को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने कड़ा रुख अपनाया है। नदी की दयनीय हालत का जायजा लेने पहुंची एनजीटी की विशेष संयुक्त जांच टीम ने त्रिवेणी संगम से लेकर भैरवगढ़ क्षेत्र तक का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने न केवल नदी में मिल रहे गंदे नालों को देखा, बल्कि तटों पर मशीनों से काटे जा रहे वर्षों पुराने पेड़ों और जलीय प्रदूषण पर भारी नाराजगी जताई।

### उज्जैन के प्रमुख घाटों पर स्थिति चिंताजनक

जांच दल ने पाया कि उज्जैन के प्रमुख घाटों पर स्थिति चिंताजनक है। टीम को कई स्थानों पर नदी के शुद्ध जल में सीधे मिलता हुआ मल-मूत्र और सीवरेज का पानी दिखाई दिया। भैरवगढ़ क्षेत्र और सिद्धवट के समीप 50 साल से भी अधिक पुराने छायादार पेड़ों को मशीनों से काटा जा रहा है, जिस पर टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए।

### स्टॉपडैम और रिटेनिंग वाल के कार्यों का भी निरीक्षण

कान्ह नदी का दूषित पानी रोकने के लिए बनाए जा रहे स्टॉपडैम और रिटेनिंग वाल के कार्यों का भी बारिकी से निरीक्षण किया। एनजीटी की भोपाल बेंच के निर्देश पर गठित इस दल में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक व अधिकारी शामिल थे।

टीम ने त्रिवेणी घाट, गऊघाट, रामघाट और दत्त अखाड़ा जैसे प्रमुख स्थलों की एक-एक हिस्से की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी करवाई है, ताकि ट्रिब्यूनल के समक्ष पुख्ता रिपोर्ट पेश की जा सके।

### 10 मार्च को होगी सुनवाई

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महापर्व के लिए शिप्रा शुद्धीकरण पर करोड़ों रुपये खर्च करने की योजना है, लेकिन धरातल पर नदी की स्थिति अब भी जस की तस बनी हुई है। प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि एनजीटी द्वारा गठित टीम ने मौके का मुआयना कर लिया है और वे अपनी रिपोर्ट सीधे ट्रिब्यूनल को सौंपेंगे। इस मामले की अगली महत्वपूर्ण सुनवाई 10 मार्च को होनी है।

## विवेकानंद कॉलोनी में अनूठी परंपराः समाजसेवी रानाड़े, नातू और पन्हाळकर का जन्मदिन साथ मनाया

### बड़ा बगीचा में जुटे गणमान्य नागरिक, 85वें, 80वें और 66वें वसंत में प्रवेश पर दी शुभकामनाएं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विवेकानंद कॉलोनी स्थित बड़ा बगीचा में मंगलवार को एक आत्मीय आयोजन में तीन वरिष्ठ नागरिकों का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यहां मित्रों की मंडली की एक स्थापित परंपरा के तहत सामूहिक रूप से जन्मदिवस मनाने का आयोजन किया गया।

प्रेमनारायण उदेनिया ने बताया कि इस अवसर पर माधव रानाड़े का 85वां, वसंत नातू का 80वां और मिलिंद पन्हाळकर का 66वां जन्मदिन मनाया गया। उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों और स्नेहीजनों ने तीनों को जन्मदिवस की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु होने की कामना की। कार्यक्रम के दौरान तीनों का स्वागत किया गया, जिसके पश्चात स्वल्पाहार का आयोजन हुआ। इस अवसर पर श्रीपाद भाटवड़ेकर, दत्ताजय आप्टे, सुंदरलाल सोनी, सुरेन्द्र सिंह भाटी, आर.एल. वर्मा, उदय अड़सुले, शेखर देवधर, भूषण अग्रवाल, संतोष सिसोदिया, धीरज चौधरी, नवनीत मालाकार, रामगोपाल भाटी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। यह जानकारी प्रेमनारायण उदेनिया ने दी।

## झाबुआ के 37 युवा जानेंगे मालवा की संस्कृति और इतिहासः अंतरजिला आदान-प्रदान कार्यक्रम शुरू

### विक्रम विवि कुलगुरु ने दिए संस्कृति सहेजने के मंत्र, 5 दिन तक चलेगा प्रशिक्षण और भ्रमण



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के 'मेरा युवा भारत' विभाग के अंतर्गत आयोजित अंतरजिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में शामिल होने झाबुआ जिले के 37 युवाओं का दल उज्जैन पहुंचा है। यह दल पांच दिवसीय शिविर के माध्यम से मालवा की संस्कृति, साहित्य और इतिहास को करीब से जानेगा और समझेगा।

मेरा युवा भारत के जिला कार्यक्रम अधिकारी अभिलाष म्हस्के ने बताया कि झाबुआ से आया यह दल शनिवार तक उज्जैन में प्रवास करेगा। इस दौरान युवाओं के लिए बौद्धिक सत्र, उज्जैन भ्रमण, योग, प्रशिक्षण और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

शिविर के प्रथम दिन विक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज ने युवाओं से संवाद किया। उन्होंने झाबुआ के अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं से अपनी संस्कृति और परंपराओं को सहेजकर रखने का आह्वान किया। वहीं, डॉ. प्रतिभा शर्मा ने व्यक्तित्व विकास पर उद्बोधन देते हुए विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित किया। रूपांतरण संस्था के राजीव पहावा ने युवाओं को योग एवं ध्यान के महत्व से अवगत कराया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम का संचालन केंद्र से जुड़े लोकेन्द्र तंवर ने किया। इस अवसर पर एनएसएस जिला संगठक डॉ. प्रदीप लाखरे और दारासिंह चौधरी सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

# भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्स्थापना में पंडित व्यास का योगदान अपूर्व- डॉ. चांदनीवाला

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव पंडित व्यास के अधूरे स्वप्नों को पूरा करने में जुटेः राजशेखर व्यास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



पंडित सूर्यनारायण व्यास केवल एक बड़े ज्योतिषाचार्य ही नहीं, बल्कि कुशल पत्रकार, व्यंग्यकार, संपादक, क्रांतिकारी और इतिहासकार भी थे। भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्स्थापना में उनका योगदान अभूतपूर्व है।

यह विचार प्रेमचंद सृजन पीठ द्वारा विक्रमादित्य शोध पीठ में आयोजित व्याख्यान ह्यसुमिरनह्ल में पद्मभूषण पंडित सूर्यनारायण व्यास की जयंती पर, सारस्वत अतिथि प्रसिद्ध वैदिक विद्वान डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पंडित व्यास समय के बड़े पाबंद थे और उनका जीवन सहज, सरल और बेहद आत्मीय था। उज्जैन में कई विद्यालय, शैक्षिक भवन और विक्रम विश्वविद्यालय जैसी संस्थाएं शहर को उनकी अनुपम देन हैं। उनके पास गजब का वाक्चातुर्य और बतरस का आनंद था।

विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा ने कहा कि नगर, अंचल और राष्ट्र के पुनर्जागरण और सांस्कृतिक अभ्युदय की दिशा में पंडित सूर्यनारायण व्यास का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने हिन्दी पत्रकारिता को नए तेवर, नई भाषा और नए औजारों से लैस किया। उनके यहां राजनीति, साहित्य, संस्कृति और पत्रकारिता के बीच की भेदक रेखाएँ समाप्त हो गईं। दशकों पहले हिन्दी पत्रकारिता के खास स्वभाव को गढ़ने से लेकर राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में उसकी अलग पहचान निर्धारित करवाने में पंडित व्यास और उनके ह्यविक्रमह्ल की विशिष्ट भूमिका रही है। व्यास का भारती भवन, सिर्फ भारती भवन नहीं, माँ भारती का भवन है और उस भवन में ज्योतिष, खगोल, इतिहास और संस्कृति का वास है। विशिष्ट अतिथि मुद्राशास्त्री आरसी ठाकुर ने पंडित व्यास के निडर और स्वाभिमानी होने के कई रोचक संस्मरण सुनाए। ध्यक्षीय उद्बोधन में दूरदर्शन के पूर्व अपर महानिदेशक राजशेखर व्यास ने कहा कि पंडित व्यास ज्योतिष जगत के सूर्य थे और समाचार पत्र 'विक्रम' में लिखे उनके सम्पादकीय आज भी वैचारिक दृष्टि से धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पंडित व्यास के कई अधूरे स्वप्नों को पूरा करने में जुटे हैं। उनकी असंख्य भविष्यवाणियाँ सत्य सिद्ध हुईं। कवि कालिदास और सम्राट विक्रमादित्य से सभी को परिचित करने में उनका अहम योगदान है।

अतिथि स्वागत प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी और विक्रमादित्य शोध पीठ के निदेशक डॉ. रमण सोलंकी ने किया। आयोजन में डॉ. शिव चौरसिया, डॉ. जगदीश शर्मा, सतीश दवे, श्रीराम दवे, अशोक भाटी, शशांक दुबे, संतोष सुपेकर, डॉ. प्रीति पांडे, डॉ. पांखुरी वक्त, दिव्या सक्सेना, अजय शर्मा, डॉ. विवेक चौरसिया, प्रदीप व्यास और सीमा देवेन्द्र सहित कई गणमान्य जन उपस्थित थे। संचालन वरिष्ठ कवि दिनेश दिग्गज ने किया और आभार डॉ. हरीशकुमार सिंह ने माना।

## खबर एक नजर...

### गोपाल मंदिर में 8 मार्च को रंगपंचमी पर होगा मालवी राघट रोलिया का आयोजन

**उज्जैन।** रंगपंचमी के अवसर पर 8 मार्च को कृष्ण के आंगन गोपाल मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी 'मालवी राघट रोलिया' का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 8 बजे से शुरू होकर दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इस कार्यक्रम में शहरवासी मथुरा-वृंदावन की तरह पारंपरिक होली का आनंद लेंगे। कार्यक्रम संयोजक जयंत सिंह गौर (जेकी ठाकुर) ने बताया कि इस बार कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में होगी। सुबह 8 से 8:30 बजे के बीच मुख्यमंत्री के साथ सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक सतीश मालवीय, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति कलावती यादव, महापौर मुकेश टटवाल कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर इसका शुभारंभ करेंगे। अतिथियों द्वारा विधिवत शुरुआत कराने के बाद मुख्य कार्यक्रम शुरू होगा। जेकी ठाकुर ने आगे बताया कि इस रंगपंचमी उत्सव में देसी टमाटर, मुल्तानी मिट्टी और फूलों के रंगों का विशेष उपयोग किया जाएगा। दोपहर 2 बजे तक मंदिर प्रांगण में आने वाली सभी गेर का स्वागत किया जाएगा, जिसमें मुख्य रूप से नगर गेर का भी भव्य स्वागत होगा। इस संपूर्ण आयोजन में श्री सिंधिया देव स्थान ट्रस्ट एवं गोपाल मंदिर प्रशासन का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

#### मथुरा-वृंदावन जैसी होली का मिलेगा आनंद

स्वाभाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि एक दशक पहले रंगपंचमी पर मालवी राघट रोलिया की पुनः शुरूआत की गई थी। अब बरसों की मेहनत रंग ला रही है और शहरवासियों को एक बार फिर मथुरा-वृंदावन जैसी होली का आनंद मिलेगा।

### 26वें दिव्याई महोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब, शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

**उज्जैन।** फाल्गुन शुक्ल त्रयोदशी और महाप्रदोष (रवि प्रदोष) के पावन अवसर पर धर्मनगरी उज्जैन में 26वाँ दिव्याई महोत्सव अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। श्री महाकालेश्वर मंदिर में महाकाल शयन आरती युवा शक्ति परिवार के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में भगवान श्री महाकालेश्वर और माँ पार्वती के सानिध्य में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ लिया।

इस भव्य आयोजन को प्रतीकात्मक रूप से 'सृष्टि के रक्षक के विवाह-भोज' के रूप में मनाया गया। महोत्सव के दौरान विशेष पूजन-अर्चन, महाआरती और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दिव्य अनुष्ठान संपन्न हुए। इसके पश्चात आयोजित विशाल महाभंडारे में शहर के गणमान्य नागरिकों और हजारों धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के अनुसूचित जनजाति विभाग के कैबिनेट मंत्री सावन सोनकर उपस्थित रहे। उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता रवि सोलंकी, रवि दायमा और वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक अंकुर जायसवाल सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भी आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा दिल से कहो अपने मोहन जी हैं न, नि:शुल्क हृदय जांच शिविर अभियान जारी

## बाईपास सर्जरी, एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी सहित एएसडी डिवाइस क्लोजर जैसे बड़े ऑपरेशन हो रहे पूर्णतः नि:शुल्क

### गुरुवार को दक्षिण विधानसभा के पंथपिपलई एवं शांतिनगर में आयोजित होगा शिविर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से आयोजित नि:शुल्क हृदय जांच शिविर अभियान दिल से कहो, अपने मोहन जी हैं न संपूर्ण उज्जैन जिले में निरंतर जारी है। इसमें हजारों नागरिकों ने अपनी हृदय जांच करवाई है एवं हजारों लोगों का नि:शुल्क उपचार निरंतर जारी है। हृदय उपचार अंतर्गत बाईपास सर्जरी, एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं एएसडी क्लोजर जैसे बड़े ऑपरेशन पूर्णतः नि:शुल्क किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में गुरुवार को दक्षिण विधानसभा के पंथपिपलई एवं शांतिनगर में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से प्रारंभ एवं जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से चलाए जा रहे इस अभियान में उज्जैन जिले की प्रत्येक विधानसभा में आयुष्मान अंतर्गत हृदय जांच हेतु अधिसूचित अस्पतालों के सहयोग से अनेकों शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत अंतर्गत बाईपास सर्जरी, एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं एएसडी डिवाइस क्लोजर जैसे बड़े ऑपरेशन पूर्णतया नि:शुल्क किए जा रहे हैं। साथ ही हजारों नागरिक अपने हृदय से संबंधित उपचार एवं परामर्श का नि:शुल्क लाभ ले रहे हैं। खोईवाल ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार, 5 मार्च को उज्जैन दक्षिण विधानसभा के ग्रामीण अंचल पंथपिपलई में एस.एन. कृष्णा हॉस्पिटल एवं शहरी क्षेत्र शांति नगर में अमलतास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, देवास के सहयोग से शिविर आयोजित किए जाएंगे।

#### हर्बल गुलाल से खेली धुलेंडी, रंगपंचमी पर बंटेगी 251 लीटर ठंडाई

# बसंत विहार में सामाजिक सरोकार के साथ मनी होली, 50 गमी वाले परिवारों के घर जाकर लगाया रंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



बसंत विहार सांस्कृतिक मंच द्वारा श्रीराम मंदिर परिसर में 22वें वर्ष भी पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ होली और धुलेंडी महोत्सव मनाया गया। मंच ने सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल पेश करते हुए कॉलोनी के उन 50 परिवारों के घर जाकर रंग लगाया, जिनके यहां गमी हुई थी। यह परंपरा विपत्ति के समय समाज के साथ खड़े होने और अकेले न होने का संदेश देती है।

मंच के सहसचिव नरेन्द्र कुमार चौरसिया ने बताया कि अध्यक्ष राजेंद्र परब के नेतृत्व में सोमवार रात 10 बजे पंडित शिवशंकर चतुर्वेदी द्वारा होलिका दहन का पूजन संपन्न कराया गया। इसके पश्चात मंगलवार सुबह 9 बजे से धुलेंडी पर्व मनाया गया, जिसमें रहवासियों ने प्राकृतिक हर्बल गुलाल का उपयोग कर शांतिपूर्ण ढंग से रंगोत्सव मनाया। आगामी रविवार, 8 मार्च को रंगपंचमी के अवसर पर शाम को कॉलोनी में 251 लीटर दूध की ठंडाई का वितरण किया जाएगा।


आयोजन में मुकेश कुंभकार, दिलीप सिंह देवड़ा, रमेश कुमावत, जे.एस. पांडेय, लोकेन्द्रसिंह बैस, देवेंद्र राय, जे.पी. शर्मा, जगदीश शर्मा, संग्रामसिंह चौहान, दिनेश जैन, शशिकांत जोशी, एन.के. गर्ग, प्रकाश जेठवानी, उल्लास बक्शी, विजय गोठवाल, विजय प्रजापति, नरेंद्र कुमावत, जगदीश कुमावत, उदयवीर खटाने, अशोक गुप्ता, अनिल देशमुख, लक्ष्मीकांत बिठुनखेड़ीवाले, सियाराम पाटीदार, चन्द्र प्रकाश पाटीदार, राकेश कुमरावत, राहुल पाटीदार और विवेक चंदेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### एफ एल एन मेटरिंग एप निरीक्षण में उज्जैन जिला अव्वल, राज्य शिक्षा केन्द्र संचालक ने दी बधाई

उज्जैन। एफ एल एन मेटरिंग एप के माध्यम से किए जा रहे सतत निरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के संचालक महोदय ने जिला परियोजना समन्वयक को बधाई दी है। एप के जरिए जिले में नियमित एवं प्रभावी निरीक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। दिसंबर 2025 में उज्जैन जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। इसके बाद जनवरी माह में जिला पांचवें स्थान पर तथा फरवरी माह में चौथे स्थान पर रहा। यह उपलब्धि कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के सतत मार्गदर्शन तथा जिले के डीपीसी, एपीसी, बीआरसीसी, बीएसी एवं सीएसी की निरंतर मॉनीटरिंग के परिणामस्वरूप संभव हो सकी है।

# पंजाब के राज्यपाल 2 अप्रैल को हनुमान जयंती पर आएंगे अर्जीवाले हनुमान मंदिर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मोहनपुरा, बड़नगर रोड स्थित अर्जीवाले हनुमान मंदिर में आगामी 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर पंजाब के राज्यपाल दर्शन करने पहुंचेंगे। राज्यपाल ने अर्जीवाले हनुमान की हनुमान चालीसा का विमोचन कर महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंदपुरी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया है। इसके साथ ही उन्होंने मंदिर आने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रशासन को 15 मार्च के बाद विधिवत आमंत्रण पत्र भेजा जाएगा।

मंदिर प्रवास के दौरान राज्यपाल के चार मुख्य कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। वे सबसे पहले हनुमत ध्वज मंदिर पर ध्वजारोहण करेंगे और उसके बाद रुद्राक्ष के पौधे का रोपण करेंगे। इसके पश्चात हनुमत कृपा महायज्ञ का आयोजन होगा, जिसमें 108 श्रद्धालु जोड़े आहुतियां देंगे। राज्यपाल इस सामूहिक यज्ञ में भाग लेकर राज्य और अपने परिवार के कल्याण के लिए आहुति देंगे। कार्यक्रम के अंत में वे अर्जीवाले हनुमान मंदिर परिसर में स्थित महामृत्युंजय महाकाल पर सपरिवार महारुद्राभिषेक करेंगे। इस अवसर पर उनके एडीसी रणधीर भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

#### महायज्ञ के लिए पंजीयन शुरू, होगा विशाल भंडारा

अर्जीवाले हनुमान मंदिर समिति के प्राणेश शुक्ला, टीना झाला, पंकज जायसवाल, पंडित रोहित और नीलेश पांचाल ने धर्मप्रेमी जनता से हनुमत कृपा महायज्ञ में शामिल होने की अपील की है। यज्ञ में भाग लेने के इच्छुक श्रद्धालु मंदिर कार्यालय में संपर्क कर अपना नाम और गोत्र दर्ज करवा सकते हैं, क्योंकि हनुमान जयंती से पूर्व ही जाप आरंभ हो जाएंगे। इसके साथ ही इस पावन अवसर पर एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है।

# उज्जैन में जीवंत हुआ बरसाना: 5 क्विंटल फूल और 51 किलो गुलाल से खेली होली

### श्री वल्लभ वैष्णव मंडल के फाग उत्सव में राधा-कृष्ण के वेष में जमकर थिरके श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल और महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में महाप्रभु की बैठक पर भव्य फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। मंडल के संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बरसाना की तर्ज पर होली खेली गई, जिससे पूरा वातावरण ब्रजमय हो गया।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि आयोजन में सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने राधा-कृष्ण का स्वरूप धारण कर फाग उत्सव मनाया। श्रद्धालुओं ने 5 क्विंटल फूल और 51 किलो विशेष रंगों के गुलाल से होली खेलकर उल्लास का वातावरण निर्मित कर दिया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो सभी साक्षात बरसाना में होली खेल रहे हों। इस अवसर पर श्री वल्लभ वैष्णव मंडल अध्यक्ष आनंद पुरोहित, कोषाध्यक्ष मनीष नागर, सचिव जयेश श्रॉफ, युवा मंडल अध्यक्ष अमित नागर, कोषाध्यक्ष नितिन नीमा, सचिव अमर दिसावल, महिला मंडल अध्यक्ष नूपुर नीमा, कोषाध्यक्ष कामिनी शाह, सचिव मनीषा नागर, समन्वयक राजेन्द्र शाह, विशाल नीमा और हेतल शाह उपस्थित थे।

कार्यक्रम संयोजन में योगेश नीमा, अशोक अग्रवाल, अमीष नीमा, अल्पेश नीमा, पीयूष नागर, रितेश नागर, अंतेश नीमा, पिंकी नागर, पूनम गर्ग, चहेती राणा और माधुरी शाह ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## खबर एक नजर...

### दो बाईकों की टक्कर में युवक गंभीर घायल, इंदौर रेफर

**शाजापुर।** जिले के ग्राम मोल्टा के पास सोमवार शाम दो बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर घायल हो गया, जबकि दूसरी बाइक का सवार मौके से फरार हो गया। घायल की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार हादसा शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच हुआ। ग्राम कांजा निवासी लाखन सिंह राजपूत अपनी बाइक पर एक महिला और बच्ची के साथ पिपलोदा से लौट रहे थे। इसी दौरान मोल्टा के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लाखन सिंह सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। वहीं, दूसरी बाइक का चालक हादसे के तुरंत बाद अपनी गाड़ी लेकर मौके से भाग निकला। घटनास्थल से गुजर रहे एक राहगीर ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही पायलट संजय और आरक्षक अभिषेक मौके पर पहुंचे और घायल लाखन सिंह को शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार, लाखन के सिर और मुंह पर गंभीर चोटें आई हैं, जिसके कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर किया गया है। राहत की बात यह रही कि बाइक पर सवार महिला और बच्ची को मामूली चोट आई है और वे सुरक्षित हैं।

### शाजापुर हाईवे पर फायर ब्रिगेड के अचानक मुड़ने से टकराई बाइक

**शाजापुर।** शहरी हाईवे पर देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। यहां वाटर वर्क्स के पास एक फायर ब्रिगेड के अचानक टर्न लेने के कारण पीछे से आ रही बाइक अनियंत्रित होकर उससे जा टकराई। इस भीषण टक्कर में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। हादसे के बाद सिस्टम की लापरवाही भी सामने आई, जब गंभीर रूप से घायल युवक को एंबुलेंस के लिए अस्पताल में करीब एक घंटे तक तड़पना पड़ा। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, महूपुरा निवासी सुमित पिता राजू जाटव सोमवार रात करीब 11 बजे अपने रिश्तेदार मोंटी जाटव निवासी सारंगपुर के साथ बाइक से टंकी चौराहे से बस स्टैंड की ओर जा रहे थे। इसी दौरान वाटर वर्क्स के सामने आगे चल रही फायर ब्रिगेड ने अचानक मुड़ने का प्रयास किया। फायर ब्रिगेड के अचानक टर्न लेने से बाइक सवार युवकों को संभलने का मौका नहीं मिला और उनकी गाड़ी सीधे वाहन से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर जा गिरे।

हादसे के तुरंत बाद वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को एक ऑटो रिक्शा की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सुमित की गंभीर हालत को देखते हुए उसे तुरंत इंदौर रेफर कर दिया, लेकिन यहां स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुल गई, क्योंकि गंभीर रूप से घायल युवक को इंदौर ले जाने के लिए करीब एक घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार करना पड़ा।

राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शरीर का आयोजन

# ग्राम अमला में स्वच्छता अभियान चलाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़नगर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा गोद ग्राम अमला फोर्ट में 28 फरवरी से 6 मार्च 2026 तक 7 दिवसीय विशेष शरीर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के चतुर्थ दिवस पर शिविरार्थियों द्वारा परियोजना कार्य के अंतर्गत ?स्वच्छता अभियान? चलाया । इस अभियान के दौरान स्वयंसेवको ने गांव की प्रमुख गलियों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई की तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।



शिविरार्थियों ने ग्रामीण घरों में घर-घर जाकर सर्वे कार्य भी किया। स्वच्छता के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने कचरा एकत्रित कर उसके उचित निस्तारण का संदेश ग्रामीण जनों को दिया और स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। हालांकि अभियान के दौरान ग्रामीण जनों का भी बहुत सहयोग प्राप्त हुआ जिसे स्वयंसेवको में एक नवीन उत्साह और समर्पण के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करने की ऊर्जा प्राप्त हुई।कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनीता कुमावत ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल सफाई करना ही नहीं बल्कि ग्रामीणजनों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सहभागिता की भावना विकसित करना भी है शिविर सह प्रभारी प्रो अनिल राठौर ने अपने संबोधन में ग्रामीण जनों को ऐसी गतिविधियों में अधिकाधिक सहभागी बनने हेतु प्रेरित किया तथा स्वयंसेवकों को भी जनसंपर्क बनाए रखने एवं अपने आसपास के सामाजिक संदर्भों को समझने हेतु शिक्षित किया। शिविर के आगामी दिनों में भी विभिन्न सामाजिक एवं जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएगी ताकि गांव के समग्र विकास में सकारात्मक योगदान दिया जा सके। शिविर में श्री गोकुल राठौर का भी योगदान रहा है।

## सिंहस्थ के अंतर्गत निर्माण कार्य तेज गति से जारी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मेला अधिकारी आशीष सिंह के निर्देश अनुसार सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत किए जाने वाले विभिन्न निर्माण कार्य तेज गति से जारी हैं। लालपुर ब्रिज में पाइलिंग का कार्य प्रगतिरत है। इसमें 87 में से 51 पाइल कंप्लीट हो चुके हैं। वहीं कर्कराज पार्किंग, भूखी माता मंदिर, शिप्रा ब्रिज में विगत 14 फरवरी को सभी पाइलिंग का काम पूरा हो चुका है। अब पाइल कैप्स लगाए जा रहे हैं और सब स्ट्रक्चर कार्य भी प्रगतिरत है। उल्लेखनीय है कि संभागायुक्त सह मेला अधिकारी श्री सिंह के निदेशानुसार सिंहस्थ निर्माण कार्यों के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए उन्हें निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने का काम किया जा रहा है।

### बड़नगर की बेटी ने सात समंदर पार लहराया भारत का परचम

**बड़नगर।** अपनी प्रतिभा और योग्यता के दम पर इंसान आसमान छू सकता है, इस बात को सच कर दिखाया है बड़नगर की बेटी आँचल पोरवाल ने। शहर के एक छोटे जनरल स्टोर व्यवसायी रितेश (नीलू) पोरवाल की सुपुत्री आँचल ने अजरबैजान की राजधानी बाकू में आयोजित 7 दिवसीय हाई-प्रोफाइल अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर नगर सहित पूरे देश को गौरवान्वित किया है।

अजरबैजान सरकार द्वारा आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की चयन प्रक्रिया अत्यंत कठिन थी। हर देश से केवल एक प्रतिनिधि का चयन उनकी शैक्षणिक योग्यता और विशिष्ट उपलब्धि के आधार पर किया जाता है, जिसकी सूचना उस देश की एम्बेसी को और फिर व्यक्तिगत रूप से दी जाती है । इस सम्मेलन में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि, सांसद और मंत्री शामिल हुए। आँचल ने इस वैश्विक मंच पर भारत की समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर, अखंडता और प्रसिद्ध स्मारकों पर एक शानदार प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति से वहां मौजूद अजरबैजान के केंद्रीय संस्कृति मंत्री और अन्य देशों के डेलीगेट्स अत्यंत प्रभावित हुए।

# 5 क्वींटल फुल, 20 क्वींटल हर्बल गुलाल, 30 किलो कलर, बैण्ड के साथ 8 को निकलेगी नगर गैर

## उपायुक्त श्री योगेन्द्र पटेल ने की अधिकारियों के साथ व्यवस्था की समीक्षा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रंग पंचमी के पावन अवसर पर उज्जैन नगर पालिक निगम द्वारा परंपरागत रूप से निकलने वाली नगर गैर का आयोजन श्री महाकालेश्वर मंदिर से लेकर गोपाल मंदिर तक किया जाएगा जिसमें हजारों की तादाद में शहरवासी इस नगर गैर में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाएंगे आयोजन को लेकर सोमवार को उपयुक्त श्री योगेंद्र सिंह पटेल द्वारा व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें निर्देशित किया गया कि नगर गैर से संबंधित समस्त व्यवस्थाएं शनिवार तक पूर्ण हो जाए ताकि अंतिम रूप से व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जा सके

बैठक में उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी श्री योगेन्द्र पटेल द्वारा अवगत कराया गया कि नगर गैर आयोजन की अनुमति एवं कानून व्यवस्था हेतु कलेक्टर जिला उज्जैन, सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस अधीक्षक को, चिकित्सीय व्यवस्था हेतु सीएमएचओ को तथा महाकाल मंदिर में भगवान श्री महाकालेश्वर को गुलाल अर्पित कर पुजन अर्चन किये जाने की अनुमति हेतु विधिवत पत्र प्रेषित कर दिए गए है। हर्बल गुलाल एवं कलर हेतु विधिवत निविदा प्रक्रिया पूर्ण की जाकर 20 क्विंटल गुलाल, 30 किलो कलर, वाटर सेंट, 4 डीजे, 4 फायर फायटर, 2 तासा पार्टी, 1 वाटर लॉरी, 1 ध्वज वाहन, 1 ओपन आयसर, 1 स्प्रींकल वाहन, 1 पीकप वाहन, 1 बैण्ड, 3 गुलाल उड़ाने हेतु ब्लोअर, नागरिकों के स्वल्पाहार हेतु भजिये एवं ठण्डाई, पेयजल व्यवस्था, गोपाल मंदिर पर फव्वारे इत्यादि की व्यवस्था की जा रही है।

महापौर श्री मुकेश टटवाल के निर्देशानुसार इस वर्ष गैर में हर्बल गुलाल एवं पानी की बोछार के साथ ही 5 क्विंटल फुल की व्यवस्था नगर गैर हेतु की जा रही है।

बैठक में सहायक आयुक्त श्री प्रवीण मुकाती, श्री प्रदीप सेन, कार्यपालन यंत्री श्री लक्ष्मण प्रसाद साहू, श्री जगदीश मालवीय, सहायक यंत्री श्री रवि राठौर, उपयंत्री श्री जितेंद्र सिंह जादौन, श्री कृष्णा भूरिया एवं जनसंपर्क विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहें।

महापौर श्री मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव एवं निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा उज्जैन के सभी शहरवासियों से अपील कि है कि हमारे शहर की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करने के लिए, नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा नगर गैर का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 08 मार्च को प्रातः 8 बजे बाबा महाकाल के आँगन से प्रारम्भ होगा, आइए हम सब मिलकर इस आयोजन को सफल बनाएं।

### एक दूसरे को गुलाल लगाकर दी बधाई, संतों की होली में भांग गुझिये का इंतजाम

चंद्र ग्रहण के चलते होलिका दहन के एक दिन बाद बुधवार को धुलेंडी का पर्व शहर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। रंगो के इस त्यौहार में बच्चे, महिला, पुरूषों के साथ युवाओं में उत्साह देखने को मिला। धार्मिक नगरी उज्जैन में इसका उत्साह तब और दोगुना हो गया जब संतों ने भी जमकर गुलाल उड़ाकर एक दूसरे को होली पर्व की बधाई दी। शहर में सुबह से ही बच्चे एक दूसरे को गुलाल लगाते हुए दिखाई दिए थे। कई युवाओं की टोली ढोल के साथ एक दूसरे के घर पहुंची और रंग गुलाल के साथ होली का पर्व मनाया। शिप्रा नदी किनारे बड़ा उदासीन अखाड़े में साधु-संतो की होली में गुजिया चाय के साथ भांग का भी इंतजाम किया गया था। यहां मौजूद स्थानीय संतो के साथ प्रयागराज, हरिद्वार से आए पंच परमेश्वर ने भी होली का पर्व एक दूसरे को गुलाल लगाकर मनाया। शहर में भी होली का पर्व का खासा माहौल देखने को मिला।

# गर्मी की वजह से हरी सब्जियों की घटने लगी आवक, नींबू सहित कुछ हरी सब्जियां महंगी, टमाटर, आलू प्याज सस्ता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गर्मी की शुरूआत हो चुकी है ऐसे में हरी सब्जियों की आवक भी घटने लगी है इस वजह से सब्जियों के भाव भी बढ़ने लगे हैं। हरी सब्जियों की कीमतें बढ़ने का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। अभी करेला, भिंडी, गिलकी, शिमला मिर्च, ग्वारफली और गोभी महंगी हो गई हैं। लेकिन सबसे अधिक नींबू के भाव बढ़ने लगे हैं। गर्मी बढ़ने पर इसके भाव और अधिक बढ़ने के आसार हैं। लेकिन टमाटर, आलू, प्याज सस्ते बिक रहे हैं। दौलतगंज सब्जी व्यापारी मोहम्मद इकरार राईन ने बताया की मांग अधिक है लेकिन आवक कम है। आसपास के इलाकों के अलावा अन्य क्षेत्रों से भी सब्जियों की आवक घटने लगी है। जो लोग एक साथ सप्ताह भर अथवा चार-पांच दिन के लिए एक साथ सब्जी खरीदने थे वह महंगाई के कारण हर रोज सब्जी खरीदने को मजबूर है। प्रतिदिन सब्जियों की दर में उछाल आ रहा है।



**सब्जियों के थोक भाव प्रकार है**

| | | | |
|---|---|---|---|
| नींबू | 120 से 130 | गिलकी | 30 से 40 |
| हरी मिर्च | 60 से 70 | करेला | 35 से 40 |
| गंवारफली | 40 से 45 | भिंडी | 40 से 45 |
| टमाटर | 10 से 15 | शिमला मिर्च | 30 से 35 |
| आलू | 12 से 13 | सूरजना फली | 60 से 70 |
| प्याज | 12 से 13 | गोभी | 30 से 35 |
| धनिया | 20 से 25 | बैंगन | 15 से 20 |
| पत्ता गोभी | 10 से 15 | टेंडस | 35 से 40 |
| अरबी | 25 से 30 | बालोर | 15 से 20 |
| पालक | 15 से 20 | खीरा | 20 से 25 |
| लोकी | 15 से 20 | कद्दू | 20 से 25 |

### नि:शुल्क रक्त परीक्षण शिविर में 150 लोगों ने कराई जांच स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया

**उज्जैन।** रविवार को मानव सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य से इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी उज्जैन एवं डॉ. राजेंद्र जैन पारमार्थिक चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन डॉ. राजेन्द्र जैन सभागृह क्षीरसागर में किया गया। शिविर में 150 लोगों ने अपने रक्त की जांच कराकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का परिचय दिया। इस अवसर पर प्रदेश प्रतिनिधि रेड क्रॉस सोसाइटी उज्जैन के श्री राजेश कुशवाह, चेयरमैन श्री राजेन्द्र झालानी, सचिव श्री अनुराग जैन एवं पूर्व चेयरमैन श्री गोपाल माहेश्वरी उपस्थित रहे।

# वसूली पर निकले सोसाइटी प्रबंधक से अड़ीबाजी, डरा धमका कर ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए 3600 रुपये

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

जिले के मोमन बड़ोदिया या थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े अड़ीबाजी और मारपीट का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम देहरीपाल सोसाइटी में प्रबंधक के पद पर कार्यरत एक व्यक्ति के साथ रविवार सुबह एक बदमाश ने रास्ता रोककर गाली-गलौज की और जबरन 3600 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए, जब प्रबंधक के साथियों ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने मारपीट की और हफ्ता नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नामजद एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, ग्राम बिजनाखेड़ी निवासी 36 वर्षीय लालसिंह राजपूत पिता मनोहर सिंह देहरीपाल सोसाइटी में प्रबंधक के पद पर पदस्थ हैं। रविवार, 1 मार्च 2026 की सुबह करीब 9.30 बजे वे अपने साथी गफूर खां और मोहनसिंह के साथ सोसाइटी की वसूली के काम से ग्राम देहरीपाल से देहरीपाल चक जा रहे थे। इसी दौरान देहरीपाल और देहरीपाल चक के बीच रास्ते में देहरीपाल चक निवासी प्रकाश बंजारा पिता नाथुलाल बंजारा ने उन्हें रोक लिया।

आरोपी ने भद्दी गालियां देते हुए लालसिंह से वसूली के पैसे मांगे। इसके बाद उसने लालसिंह की गिरेबान पकड़ ली और अड़ीबाजी करते हुए जबरन उनके मोबाइल से 3600 रुपये बहादुर बंजारा नामक व्यक्ति के अकाउंट में डलवा दिए।

## विरोध करने पर साथी को पीटा

जब लालसिंह और उनके साथियों ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपी प्रकाश बंजारा भड़क गया और उसने गफूर खां के साथ थप्पड़-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। इस मारपीट में गफूर के दोनों गालों पर चोटें आईं। विवाद होता देख वहां मौजूद ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर उन्हें छुड़ाया। जाते-जाते आरोपी प्रकाश ने तीनों को सरेआम धमकी दी कि यदि उसे हफ्ता नहीं दिया गया तो वह उन्हें जान से खत्म कर देगा।

इस घटना से डरे-सहमे प्रबंधक लालसिंह ने तुरंत अपने शाखा प्रबंधक सुशील पाठोंदिया, पर्यवेक्षक चंदरसिंह चंद्रवंशी और संस्था प्रशासक बलवंत सिंह भंवर को मोबाइल पर घटना की पूरी जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने साथियों के साथ मोमन बड़ोदिया थाने पहुंचकर प्रकरण दर्ज कराया।



## वार्ड 53 हरिओम विहार कॉलोनी स्थित केशव उद्यान में 07 लाख की लागत से होने वाले सौंदर्यकरण कार्य का भूमिपूजन संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वार्ड क्रमांक 53 की क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती निर्मला करण परमार के प्रयासों से क्षेत्र अंतर्गत हरिओम विहार स्थित केशव उद्यान में नगर निगम द्वारा निगम मद की 07 लाख रुपए की लागत से उद्यान का सौंदर्य करण कार्य करवाया जाएगा जिसका भूमि पूजन सोमवार को क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती निर्मला करण परमार, मंडल अध्यक्ष श्री परेश कुलकर्णी की उपस्थिति में संपन्न हुआ

उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 53 हरिओम विहार स्थित केशव उद्यान में नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 07 लाख की लागत से सौंदर्यकरण कार्य करवाया जाएगा जिसमें इस अविकसित उद्यान को निगम द्वारा आदर्श उद्यान के रूप में विकसित करते हुए पाथवे निर्माण, पेवर ब्लॉक लगाए जाने का कार्य, फाउंटेन, लाइट, सुंदर पौधे, जिम उपकरण, वॉल पेंटिंग इत्यादि कार्य करवाए जाएंगे उक्त कार्य होने से क्षेत्र की जनता द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की इस दौरान सर्वश्री मधुकर राव, श्री सिद्धनाथ शर्मा, श्री बलदेव राज, श्री गिरधारी लाल त्रिवेदी, श्री धनंजय, श्री पल्लव, श्री आशीष शर्मा, श्री अमित जायसवाल, श्रीमती शकुंतला शाक्य, श्रीमती सुषमा पोरवाल, श्रीमती सविता वर्मा, श्रीमती अलका जी एवं बड़ी संख्या में वार्ड के सम्माननीय नागरिक उपस्थित रहे

# पाताखेड़ी में नायब तहसीलदार पर हमला करने वाले आरोपियों को 3-3 वर्ष का कारावास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ महिदपुर

झारड़ा तहसीलदार के ग्राम पाताखेड़ी में दिनांक 05/09/2024 को लगभग 1.10 पर श्री रामदेव परिसर में अभियुक्त विनोद पिता नैनसिंह एवं धीरज नैनसिंह निवासी ग्राम सिकली द्वारा प्रभारी नायब तहसीलदार मोहम्मद इरशाद को लोक सेवक के पद पदस्थ होते हुए आरोपीगण द्वारा जान से मारने की नीयत से लोहे के पाईप से मारा, जिसके संबंध में पुलिस झारड़ा द्वारा आरोपीगण के विरुद्ध धारा 109, 132, 121 (1), 221 सपठित धारा 3(5) एवं 7(5) मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के संबंध में अपराध पंजीबद्ध किया गया था जिसका संज्ञान लेते हुए तृतीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कमलेश सनोदिया महिदपुर द्वारा 3 वर्ष का कठोर कारावास एवं रु. 1500-1500 के दण्ड से दण्डित किया गया। उपरोक्त जानकारी अपर लोक अभियोजक नरेन्द्र कुमार सोलंकी द्वारा दी गई।

## मेला संचालन में जैन को अध्यक्ष चुना

खरसौदकलां । ग्राम पंचायत के तत्वावधान में शीतला सप्तिमी पर आयोजित मेला संचालन के लिए सोमवार को बैठक हुई। बैठक में सवार्नुमति से पुखराज जैन को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। ग्राम पंचायत सचिव ईश्वर गहलोत ने बताया कि खरसोदकलां मे शीतला सप्तिमी पर पांच दिवसीय मेला संचालन में समिति का गठन किया गया। जिसमें समिति अध्यक्ष पद पर पुखराज जैन के चयन के साथ दुकान आवंटन संबंधित पंचो के अलावा समिति को जिम्मेदारी सोपी है।

## विशाल की आलोट से वापसी लौटते समय ट्रैक्टर दुर्घटना में मौत

ग्राम लाखा खेड़ी नाहरपुर निवासी विशाल पिता जगदीश 20 वर्ष की सोमवार की रात्रि में आलोट (रतलाम) से गेहूं बेचकर वापस लौटते समय ग्राम अरनिया चीबड़ी के नजदीक ट्रैक्टर ट्राली पलटने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक विशाल लाखा खेडी नाहरपुर का निवासी होकर वर्तमान में ग्राम दुबली में अपने मामा के यहां रहता था परिजनों के अनुसार विशाल एक गल्ला व्यापारी के यहां काम करता था तथा व्यापारिक के गेहूं को लेकर आलोट गया हुआ था जहां से रात्रि में लौटते समय उसके साथ ट्रैक्टर दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मृतक का पोस्टमार्टम करवाने महिदपुर शासकीय चिकित्सालय भेजा

## पटवारियों ने स्वयं राशि खर्च कर बदल दी पटवारी कक्ष की तस्वीर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सारंगपुर

कस्बा पटवारी शहजाद खान ने जर्जर और अव्यवस्थित हो रहे शहर के पटवारी कक्ष की तस्वीर बदल दी है। उन्होंने अपने पटवारी साथी अंकित चौहान और अभिषेक खत्री के साथ मिलकर एक माह के भीतर में स्वयं की ओर से कार्यालय के विकास पर करीब 25 हजार रुपए खर्च किए हैं। इससे पटवारी कक्ष भवन सभी सुविधाओं से परिपूर्ण हो गया है। कक्ष को सुंदर बनाकर लोहे की जाली से चारदीवारी का निर्माण होने से आने वाले लोगों के बैठे एवं आवारा मवेशियों के घुसने की समस्या दूर हो गई है। क्षेत्र में पटवारी खान की पहचान भामाशाह के रूप में बन गई है। वो अपनी ड्यूटी के समय जिस भी हल्के में रहे, उन्होंने आमजन से लेकर किसानों की तस्वीर बदलने का काम किया। वे अपने वेतन में से ही हजारों रुपये के विकास कार्यो पर खर्च कर चुके हैं। इन्हे इनके अच्छे कार्यो को लेकर ब्लाक स्तर पर सम्मान मिल चुका है। दरअसल सारंगपुर कस्बा के पटवारी कक्ष में बाउंड्रीवाल न आने से यह मवेशी और आमजन परिसर को गंदा कर देते थे। इसके लिए पटवारी खान, खत्री और चौहान ने मिलकर यह पर बांउड्रीवाल बनवाई और अब यह पौधारोपण कर पेड़ो को विकसित करने की योजना बना रहे है। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाले आमजन, किसानों के बैठने के लिए टेबल कुर्सी की व्यवस्था भी जल्द ही की जा रही है।

## अवैध फ्लेक्स एवं होर्डिंग को निगम अतिक्रमण गैंग द्वारा हटाते हुए जुमार्ने की कार्यवाही

### गणेशम फास्ट फूड के फ्लेक्स खंबो पर लगे होने पर निगम द्वारा 02 हजार का जुमार्ना वसूला



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर निगम अतिक्रमण रिमूवल गैंग द्वारा सोमवार को शहर के प्रमुख चौराहों पर बिना अनुमति लगे हुए अवैध फ्लेक्स एवं होर्डिंग्स को हटाने की कार्यवाही की गई उक्त फ्लेक्स से शहर की छवि एवं सुंदरता भी धूमिल हो रही थी जिसके क्रम में निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर अतिक्रमण रिमूवल गैंग द्वारा बड़े स्तर पर कार्यवाही करते हुए अवैध फ्लेक्स एवं होर्डिंग निकालने की कार्यवाही की गई साथ ही शहर के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, कोचिंग संस्थानों, दुकानदारों को हिदायत दी जाती है कि प्रचार प्रसार के लिए शहर की सुंदरता को धूमिल ना करें अन्यथा सख्ती से कार्यवाही की जाएगी।

ह्लकार्यवाही के अंतर्गत नगर निगम अतिक्रमण गैंग द्वारा प्रगति नगर स्थित गणेशम फास्ट फूड के अवैध फ्लेक्स खम्बो पर लगे हुए पाए गए जिस पर संबंधी दुकान के पत्ते पर पहुंच कर 02 हजार का जुमार्ना वसूला गया इसी के साथ इंदौर रोड से महामृत्युंजय द्वारा शांति पैलेस चौराहा, नानाखेड़ा से काला पत्थर चौराहा, दो तालाब से सिंधी कॉलोनी चौराहा, तीनबत्ती से इंदिरा गांधी प्रतिमा तक खम्बो एवं रोटरियों पर जितने भी अवैध फ्लेक्स एवं होर्डिंग पाए गए उन्हें हटाने की कार्यवाही की गई, इसी के साथ वार्ड क्रमांक 26 अंतर्गत एटलस चौराहा स्थित गली के अंदर अवैध गुमटी रखी हुई थी जिसकी शिकायत कंट्रोल रूम पर प्राप्त हुई थी जिसे भी हटाने की कार्यवाही गैंग द्वारा की गई ताकि सफाई व्यवस्था समुचित रूप से हो सके, इसी के साथ-साथ नीलकंठ चौराहे से लेकर महाकाल चौराहा एवं फाजलपुर चौराहा, काल भैरव मंदिर से भी अवैध अतिक्रमण हाथ ठेले एवं गुमटियों को हटाने की कार्यवाही की गई उक्त कार्यवाही अतिक्रमण गैंग के उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता एवं सहायक आयुक्त श्री प्रदीप सेन के मार्गदर्शन में गैंग प्रभारी श्री मोनू थनवार, श्री सोनू जाटव श्री राज गोढाले द्वारा संपादित की गई।

# श्री शत्रुंजय आदिनाथ तीर्थधाम में भाव यात्रा, पद प्रक्षालन एवं साधर्मिक भक्ति पाल का आयोजन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ महिदपुर

नगर में प्रवचन प्रभावक प. पू. आचार्य श्री सागरचन्द्रसागर सूरीश्वरजी म.सा. की प्रेरणा मार्गदर्शन से निर्मित श्री शत्रुंजय आदिनाथ तीर्थधाम (किला जैन मंदिर) में फाल्गुनी तेरस के शुभ अवसर पर दिनांक 1 मार्च को श्री सिद्धाचल तीर्थ की भाव यात्रा, पद प्रक्षालन एवं साधर्मिक भक्ति पाल का सुन्दर आयोजन संपन्न हुआ. फाल्गुन तेरस की भव्य भाव यात्रा में बताया गया कि श्री सिद्धाचल तीर्थ की फाल्गुनी यात्रा 84 हजार वर्षों से चल रही हे. भगवान नेमिनाथ के समय मे कृष्ण महाराजा के पुत्रों में शाम्ब और प्रध्युमन नाम के दो पुत्र थे। भगवान नेमीनाथ की पावन वाणी सुनकर शाम्ब -प्रध्युमन जी को वैराग्य हुआ। भगवान के पास दीक्षा लेकर भगवान की आज्ञा लेकर शत्रुंजय गिरिराज उपर तपस्या और ध्यान करने लगे। अपने सभी कर्मो से मुक्त होकर फागण सुदी तेरस के दिन शत्रुंजय गिरिराज पर स्थित भाडवा के डुंगर उपर से साढ़े आठ करोड़ मुनिराज के साथ मोक्ष - मुक्ति पाये थे। उसके पश्चात विभिन्न प्रकार की पाल के माध्यम से साधर्मिक भक्ति का लाभ लिया गया । महोत्सव के स्वर्ण स्तम्भ सुन्दरलाल छजलानी की स्मृति में सुरेशजी, डा आशीषजी छजलानी रजत स्तम्भ एक गुप्त सद्गृहस्थ सहित अनेक समाजजनो के द्वारा भी साधर्मिक भक्ति में अपना योगदान देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस वर्ष आगमोद्धारक प पू आचार्य श्री सागरानंद सूरि समुदायवर्तिनी प पू सा सूर्योदया श्री जी म सा की सुशिष्या प पू सा कल्पज्योतिश्रीजी म, प पू सा शासन ज्योतिश्रीजी म सा आदि ठाना 5 की पावन निश्रा में सर्व प्रथम बार सभी तीर्थ यात्रियों के पद प्रक्षालन का लाभ रखबचंदजी सुमन रुणवाल परिवार के द्वारा लिया गया।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामीगण 1. श्री भारत सिंह पिता स्वर्गीय कनीराम जी, 2. श्री यादव सिंह पिता स्वर्गीय कनीराम जी व 3. श्री राजेश पिता स्वर्गीय कनीराम जी, समस्त कृषक ग्राम सिलारखेडी तहसील व जिला उज्जैन के संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 187 रकबा 1.26 हेक्टर में से पश्चिम / दक्षिण दिशा के कोने की रकबा 0.20 हेक्टर भूमि, जिसके पश्चिम दिशा में सिलारखेड़ी रोड़ हैं, स्थित ग्राम सिलारखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन में प्रधानमंत्री रोड पर होकर फ्रीहोल्ड् राईट्स की हैं, को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित तथा मय निर्विवाद व रिक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा उपरोक्त भूमि स्वामीगण में से श्री भारत सिंह पिता स्वर्गीय कनीराम जी के माध्यम से किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी हैं। । उक्त भूमि उपरोक्त भूमि स्वामीगणों के पिता स्वर्गीय कनीराम पिता श्री कमलाबाई बलवन्त जी के एकमेव स्वत्वाधिपत्य की थी तथा श्री कनीराम जी व उनकी पत्नि श्रीमती कमलाबाई की मृत्यु हो जाने से उक्त भूमि उपरोक्त भूमि स्वामीगण के संयुक्त स्वत्वाधिपत्य की हैं, जिनका नाम आवश्यक समस्त विभागों, निकायों, राजस्व अभिलेखों आदि में अंकित होना शेष हैं एवं पक्षकार द्वारा दी माहिती अनुसार श्री कनीराम जी की मृत्यु पश्चात उपरोक्त भूमि स्वामीगण मृतकों के वैध वारिसगण हैं तथा इनके अलावा मृतकों का अन्य कोई वैध वारिस नहीं हैं ।

उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, वित्तिय संस्था, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 5 दिन में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा। दिनांक-02.03.2026. उज्जैन।

**निखिल सोड़ानी, एडव्होकेट**
**कार्यालय-दुकान नं. डी-8, भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स, आर.टी.ओ. आफिस के पीछे, देवास रोड़, उज्जैन**
**मोबाईल नम्बर-9301376778**



# बिना सिर वाले भूत संग अक्षय कुमार का वीडियो वायरल

### सरकटे के साथ एक्टर का ठहाका सवालः क्या भूत सच में होते हैं?

बिना सिर वाले भूत के साथ ठहाके लगाते अक्षय कुमार का वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। वायरल क्लिप में अक्षय एक सरकटे प्रेत के साथ टहलते नजर आते हैं और बेहद गंभीर अंदाज में उससे पूछते हैं-क्या भूत सच में होते हैं? इसके बाद जो जवाब मिलता है, वह डर से ज्यादा हंसी पैदा करता है। भूत मजेदार अंदाज में जवाब देता है कि उसे खुद नहीं पता। वह हंसी-हंसी में कहता है कि उसके पिता ने उसकी मां से कहा था कि वह भूत है, जबकि मां का दावा था कि पिता भूत हैं। बड़ा कन्फ्यूजन है। आखिर में वह सबको अफवाह बताकर बात टाल देता है। दरअसल, यह प्रोमो अक्षय कुमार की अपकमिंग हॉरर-कॉमिडी फिल्म भूत बंगला का है। फिल्म में डरावने माहौल के बीच कॉमिडी का तड़का देखने को मिलेगा। वीडियो देखकर साफ है कि मेकर्स ने प्रमोशन के लिए अलग और क्रिएटिव तरीका चुना है, जो दर्शकों की जिज्ञासा बढ़ा रहा है। अक्षय की सिग्नेचर कॉमिक टाइमिंग और सस्पेंस का मेल फिल्म के टोन की झलक देता है।

# सोनाली बेंद्रे बनीं फॉक्सटेल के इटरनल ग्लो अभियान का चेहरा

### नई कैंपेन फिल्म में दिखीं दमकती आभा






होमग्रोन स्किनकेयर ब्रांड फॉक्सटेल ने अपने नए कैंपेन इटरनल ग्लो की घोषणा की है, जिसमें अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे को ब्रांड फेस बनाया गया है। लंबे समय से सौम्यता और नैसर्गिक आभा की प्रतीक मानी जाने वाली सोनाली इस अभियान में उम्र, ट्रेंड और पारंपरिक सौंदर्य मानकों से परे चमक की नई परिभाषा पेश करती नजर आती हैं। वह ब्रांड के ग्लूटा-विट सी एडवांस्ड ब्राइटनिंग सीरम को प्रमोट करती दिखाई देंगी।

कैंपेन फिल्म का ट्रीटमेंट बेहद सादगीपूर्ण और अंतरंग है। कहानी पारंपरिक युवा-केंद्रित ब्यूटी नैरेटिव से अलग हटकर ग्लो को आत्मविश्वास, निरंतरता और आंतरिक मजबूती से जोड़ती है। फिल्म की शुरुआत एक शांत, क्लिनिकल-व्हाइट सेटअप में होती है, जहां सोनाली को कॉस्मेटिक इंजेक्शन, आईवी ड्रिप, फिलर्स और ग्लूटाथायोन शॉट्स जैसे विकल्प ऑफर किए जाते हैं। वह इन सभी को शांत भाव से ठुकरा देती हैं, यह संदेश देते हुए कि वह अपने शरीर और त्वचा के लिए सोच-समझकर निर्णय लेती हैं।

इसके बाद कहानी विज्ञान-आधारित समाधान की ओर बढ़ती है और फॉक्सटेल का ग्लूटा-विट सी एडवांस्ड ब्राइटनिंग सीरम सामने आता है। ब्रांड के अनुसार, यह उत्पाद ग्लूटाथायोन और विटामिन सी से युक्त एंटीऑक्सीडेंट कॉम्प्लेक्स पर आधारित है, जो त्वचा को निखारने, टोन समान करने और कोमल लेकिन प्रभावी तरीके से चमक प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। साफ-सुथरे विजुअल्स और संवेदनात्मक शॉट्स के जरिए फिल्म एक मजबूत संदेश के साथ समाप्त होती है, जहां सोनाली रोशनी की ओर बढ़ती हैं और यह स्थापित करती हैं कि इटरनल ग्लो के लिए अतिवादी उपायों की नहीं, सही विज्ञान की जरूरत है।

ब्रांड के लिए यह साझेदारी एक रणनीतिक बदलाव भी मानी जा रही है। सोनाली बेंद्रे को चुनकर फॉक्सटेल ने पारंपरिक, युवा चेहरों पर आधारित एंडोर्समेंट से आगे बढ़ते हुए उस पीढ़ी से जुड़ने का प्रयास किया है, जो वास्तविकता और आत्मस्वीकृति को महत्व देती है। यह कदम उन महिलाओं के साथ तालमेल बैठाने की कोशिश है, जो सौंदर्य को सिर्फ बाहरी चमक नहीं बल्कि जीवन के अनुभव और आत्मबल से जोड़कर देखती हैं।

इस अभियान के जरिए फॉक्सटेल खुद को एक साइंस-फॉरवर्ड और सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक ब्रांड के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। इटरनल ग्लो का संदेश आधुनिक भारतीय उपभोक्ता के लिए ग्लो की परिभाषा को फिर से गढ़ने की दिशा में उठाया गया कदम माना जा रहा है।



# यश की फिल्म टॉक्सिक की रिलीज टली

### 19 मार्च की जगह अब 4 जून को आएगी मूवी, 8 मार्च का ट्रेलर लॉन्च इवेंट भी कैंसल

यश की फिल्म टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन अप्स का ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च इवेंट, जो पहले 8 मार्च को बेंगलुरु में होने वाला था, अब कैंसल कर दिया गया है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि फिल्म की रिलीज डेट 19 मार्च से बढ़ाकर 4 जून कर दी गई है।

प्रोड्यूसर्स ने कहा कि मिडिल ईस्ट (वेस्ट एशिया) में चल रहे टेंशन की वजह से सिनेमा के काम पर असर पड़ रहा है, जिसकी वजह से यह फैसला लिया गया। ट्रेलर लॉन्च इवेंट में पूरे भारत से मीडिया को बेंगलुरु बुलाने का प्लान था।

**फिल्म धुरंधर 2 से क्लैश होने वाली थी-** बता दें कि फिल्म टॉक्सिक पहले 19 मार्च को रिलीज होने वाली थी, जो रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधरः द रिवेंज से क्लैश करने वाली थी। हालांकि, फिल्म के पोस्टपोन होने के कारण, आदित्य धर की फिल्म अब सोलो रिलीज होगी। फिल्म की टीम का कहना है कि विदेशों में, खासकर खाड़ी देशों में, बड़े मार्केट में हालात ठीक नहीं हैं। हाल ही में, वर और इजराइल ने ईरान पर हमला किया, जिसके जवाब में ईरान ने मिडिल ईस्ट में इजराइल और वर के बेस पर मिसाइल हमले किए। यह टेंशन पिछले पांच दिनों से चल रहा है। इसलिए, दुनिया भर में बेहतर रिलीज के लिए फिल्म की रिलीज को टालने का फैसला किया गया। सिनेमा ऑपरेशन में आ रही मुश्किलों को देखते हुए, प्रोडक्शन हाउस ने अपना पूरा प्रमोशनल प्लान बदल दिया है। फिलहाल, ट्रेलर लॉन्च समेत सभी प्रमोशनल एक्टिविटीज को नई रिलीज डेट के करीब आने तक रोक दिया गया है। एक ऑफिशियल बयान में, ड्स्ठ प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस ने कहा कि फिल्म को एक ग्लोबल सिनेमैटिक एक्सपीरियंस के तौर पर बनाया गया है। इसे कन्नड़ और इंग्लिश में एक साथ शूट किया गया है और इसे हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम में डब करके रिलीज किया जाएगा।

# साइको सैयां के प्रमोशन में दरार तेजस्वी प्रकाश के फैसले पर सुरभि चंदना ने तोड़ी चुप्पी








वेब सीरीज साइको सैयां के प्रमोशन के दौरान पैदा हुआ विवाद अब खुलकर सामने आ गया है। हाल ही में आयोजित मीडिया इंटरैक्शन में उस समय असहज स्थिति बन गई जब अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश ने अपनी सह-कलाकार सुरभि चंदना के साथ संयुक्त इंटरव्यू देने से इनकार कर दिया। इस घटनाक्रम ने न केवल मौजूद मीडिया प्रतिनिधियों को चौंकाया, बल्कि इंडस्ट्री में भी हलचल पैदा कर दी। अब इस पूरे मामले पर सुरभि चंदना ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति बताया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेजन एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई सीरीज साइको सैयां के प्रमोशन के लिए कलाकारों को एक साथ मीडिया से रूबरू होना था। कार्यक्रम स्थल पर मीडिया पहले से मौजूद था और संयुक्त इंटरैक्शन की तैयारी चल रही थी। इसी बीच जानकारी सामने आई कि तेजस्वी प्रकाश ने सुरभि चंदना के साथ साझा इंटरव्यू देने से मना कर दिया है और वह केवल सोलो इंटरव्यू ही देंगी। बताया गया कि उनकी एंट्री में देरी भी हुई, जिसे शुरूआती तौर पर वॉर्डरोब से जुड़ी समस्या बताया गया।

स्थिति तब और जटिल हो गई जब शो की पब्लिसिटी टीम ने मीडिया को सूचित किया कि तेजस्वी संयुक्त इंटरव्यू में भाग लेने को तैयार नहीं हैं। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया कि उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आने से पहले यह आश्वासन मांगा था कि सुरभि उनके साथ प्रमोशनल बातचीत का हिस्सा नहीं होंगी। इस जानकारी के बाद माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया। सूत्रों के अनुसार, इस घटनाक्रम से सुरभि भावुक हो गईं और कार्यक्रम स्थल से बाहर चली गईं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि वह रोते हुए बाहर निकलीं। हालांकि इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन उपस्थित लोगों ने माहौल को असहज और अप्रत्याशित बताया। कुछ मिनट बाद तेजस्वी ने मीडिया से सोलो इंटरव्यू जारी रखे। इस दौरान शो की अन्य कलाकारों को भी असुविधा का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया कि सह-कलाकार अनुद सिंह ढाका के साथ निर्धारित लंच ब्रेक रद्द कर दिया गया, जिससे वह नाराज दिखे। कथित तौर पर उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, कोई बात नहीं, मैं यहीं बेहोश हो जाऊं, लेकिन हम जारी रखेंगे। आखिर हम सब यहां केवल तेजस्वी के लिए ही तो हैं।

हालांकि इस बयान पर भी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। जब इस पूरे विवाद पर सुरभि चंदना से प्रतिक्रिया मांगी गई, तो उन्होंने संयमित रुख अपनाया। उन्होंने कहा, यह एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति थी, लेकिन इस पर कुछ कहने के लिए नहीं है। संपर्क करने के लिए धन्यवाद। सुरभि ने किसी भी प्रकार के आरोप-प्रत्यारोप से दूरी बनाए रखी और मामले को आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया। उनका यह शांत जवाब कई लोगों को परिपक्वता का संकेत लगा, वहीं कुछ लोग इसे विवाद को टालने की कोशिश भी मान रहे हैं।

दूसरी ओर, तेजस्वी प्रकाश की ओर से अब तक इस कथित घटनाक्रम पर कोई सार्वजनिक बयान नहीं आया है। उनके प्रशंसकों का कहना है कि बिना आधिकारिक प्रतिक्रिया के किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। सोशल मीडिया पर इस मामले को लेकर बहस छिड़ी हुई है। कुछ यूजर्स तेजस्वी के फैसले के पीछे पेशेवर कारण होने की संभावना जता रहे हैं, तो कुछ इसे व्यक्तिगत मतभेदों से जोड़ रहे हैं। सीरीज साइको सैयां 25 फरवरी को रिलीज हुई। यह कहानी एक रोमांटिक रिश्ते से शुरू होकर धीरे-धीरे एक डार्क साइकोलॉजिकल थ्रिलर में बदल जाती है, जहां जुनून और आसक्ति कहानी को खतरनाक मोड़ देते हैं।

### भारत-इंग्लैंड लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में भिड़ेंगे, दोनों को 1-1 में जीत मिली

# दूसरा सेमीफाइनल आज इंडिया-इंग्लैंड

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

टी-20 वर्ल्ड कप का दूसरा सेमीफाइनल आज भारत और इंग्लैंड के बीच खेला जाएगा। मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शाम 7 बजे शुरू होगा, जबकि टॉस 6:30 बजे होगा।

दोनों टीमें सेमीफाइनल में लगातार तीसरी बार भिड़ेंगी। इससे पहले 2022 और 2024 में भी दोनों के मैच हुए, 1-1 जीत दोनों को मिली। सेमीफाइनल जीतने के बाद दोनों टीमों ने फाइनल भी जीता।

**दोनों टीमें छठी बार सेमीफाइल खेलेंगी-** भारत की टीम छठी बार टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंची है। टीम इससे पहले 2007, 2014, 2016, 2022 और 2024 में भी टॉप-4 टीमों में जगह बना चुकी है, टीम ने 5 में से 3 सेमीफाइनल जीते। वहीं, इंग्लैंड भी छठी बार सेमीफाइनल खेल रहा है। इससे पहले टीम 2010, 2016, 2021, 2022 और 2024 में इस स्टेज तक पहुंची थी। 3 सेमीफाइनल जीतकर टीम ने फाइनल में जगह बनाई थी।

**वर्ल्ड कप में छठी बार होगा सामना-** भारत और इंग्लैंड के बीच अब तक कुल 29 टी-20 मुकाबले खेले गए। भारत ने 17 और इंग्लैंड ने 12 मैच जीते। टी-20 वर्ल्ड कप में दोनों ने 5 मैच खेले। भारत ने 3 और इंग्लैंड ने 2 जीते।



**कप्तान सूर्या भारत के टॉप स्कोरर-** इस टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए सूर्यकुमार यादव शानदार फॉर्म में नजर आए हैं। उन्होंने 7 मैचों में 231 रन बनाए हैं, जिसमें उनका बेस्ट स्कोर 84 रन रहा। गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने 7 मैचों में 12 विकेट झटके।

**आदिल रशीद इंग्लैंड के टॉप बॉलर-** इस टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रुक बल्ले से सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी रहे। उन्होंने 7 मैचों में 228 रन बनाए हैं। बॉलिंग डिपार्टमेंट में आदिल रशीद ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 7 मुकाबलों में 11 विकेट अपने नाम किए।

**पिच रिपोर्ट और रिकॉर्ड-** वानखेड़े स्टेडियम की पिच आमतौर पर बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। साफ मौसम के कारण ओस भी अहम भूमिका निभा सकती है, जिससे टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी का फैसला ले सकती है।

यहां 16 टी-20 इंटरनेशनल में 8 बार चेज करने वाली टीमों और 8 ही बार पहले बैटिंग करने वाली टीमों को जीत मिली। 254 रन इस मैदान का सबसे बड़ा स्कोर है, जो वेस्टइंडीज ने इसी वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ बनाया। यहां 32 पारियों में 6 बार 200 प्लस के स्कोर बन चुके हैं। इंग्लैंड की टीम ही 2025 में भारत के खिलाफ 97 रन पर ऑलआउट भी हो चुकी है।

मौजूदा वर्ल्ड कप में यहां 7 मैच खेले गए। शुरूआती 3 मैच पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने जीते। इसके बाद लगातार 3 मैचों में चेज करने वाली टीमों को सफलता मिली। आखिरी मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बैटिंग करते हुए जिम्बाब्वे को 107 रन से हराया।

भारत ने वानखेड़े में 7 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं, जिनमें 5 जीते और 2 गंवाए। वहीं, इंग्लैंड ने यहां 6 टी-20 खेले हैं, 3 जीते और 3 ही गंवाए। भारत और इंग्लैंड इस मैदान पर दो बार भिड़ चुके हैं और दोनों को 1-1 में जीत मिली।

**मुंबई में बारिश की कोई संभावना नहीं-** गुरुवार को मुंबई में आसमान बिल्कुल साफ रहेगा और बारिश की संभावना बिल्कुल नहीं है। दिन का अधिकतम तापमान करीब 33 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है, जबकि रात में तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।

**सेमीफाइनल के लिए रिजर्व डे-** मुंबई में बारिश की कोई संभावना नहीं है, फिर भी ICC ने एहतियात के तौर पर एक रिजर्व डे रखा है। अगर किसी कारण 5 मार्च को मैच पूरा नहीं हो पाता है, तो 6 मार्च को रिजर्व डे पर मुकाबला खेला जाएगा। अगर सेमीफाइनल रिजर्व डे पर भी नहीं हो सका, तो नियमों के मुताबिक इंग्लैंड सीधे फाइनल में पहुंच जाएगा। इसकी वजह यह है कि सुपर-8 स्टेज में इंग्लैंड ग्रुप-1 में पहले स्थान पर रहा था, जबकि भारत दूसरे स्थान पर था।

**दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11**

**भारत:** संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती।

**इंग्लैंड:** फिल सॉल्ट, जोस बटलर (विकेटकीपर), जैकब बेथेल, टॉम बैंटन, हैरी ब्रूक (कप्तान), सैम करन, विल जैक्स, लियम डॉसन, जैमी ओवरटन, जोफ्रा आर्चर और आदिल रशीद।

## न्यूजीलैंड दूसरी बार टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में



### फिन एलन ने सबसे तेज शतक लगाया साउथ अफ्रीका फिर चोकर्स साबित

ब्रह्मास्त्र ›› जोहान्सबर्ग

न्यूजीलैंड ने दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने बुधवार को पहले सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से हराया। कीवी टीम पहली बार 2021 के फाइनल में पहुंची थी। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में कीवियों के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

साउथ अफ्रीका ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 169 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने 170 रन का टारगेट 12.5 ओवर में एक विकेट पर चेज कर लिया। फिन एलन ने 33 बॉल पर 100 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास का सबसे तेज शतक लगाया। एलन ने वेस्टइंडीज के दिग्गज बैटर क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा। गेल ने 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ 47 बॉल पर शतक लगाया था। साइफर्ट ने इस वर्ल्ड कप में तीसरी फिफ्टी लगाई न्यूजीलैंड के ओपनर टिम साइफर्ट ने इस टूर्नामेंट में तीसरी फिफ्टी लगाई है। उन्होंने 33 गेंद पर 58 रन की पारी खेली। इस पारी में 7 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। कीवी ओपनर्स की शतकीय साझेदारी 170 रन का टारगेट चेज करने उतरे न्यूजीलैंड के ओपनर्स ने शतकीय साझेदारी की। इस साझेदारी को कगिसो रबाडा ने 10वें ओवर की पहली बॉल पर तोड़ा। जब उन्होंने साइफर्ट को बोल्ड कर दिया।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









### गर्मी की फसलों का कुल रकबा घटा

## दलहन व तिलहन का बुवाई रकबा बढ़ा, 0.31 लाख हेक्टेयर में बोया बाजरा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

समय से पहले खत्म हुई सर्दी का असर अब खेती पर दिखने लगा है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 27 फरवरी तक गर्मी की फसलों की बुवाई पिछले साल से 0.89 लाख हेक्टेयर कम रही। कुल 26.53 लाख हेक्टेयर में बुवाई हुई, जबकि पिछले साल इसी समय 27.42 लाख हेक्टेयर था।

समय से पहले खत्म हुई सर्दी गर्मी की फसलों की बुवाई पर विपरीत प्रभाव डाल रही। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बुवाई के आंकड़े जारी किए हैं। इनमें 27 फरवरी तक पिछले साल के मुकाबले 0.89 लाख हेक्टेयर में कम बुवाई हुई है। देश में कुल 26.53 लाख हेक्टेयर पर गर्मी की फसलों की बुवाई हुई है। इसमें चौंकाने वाले तथ्य है कि फसलों की बुवाई 2025 में इसी समय अवधि में 27.42 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल पर थी। इसमें दलहन की बुवाई में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन धान की बुवाई घटी है। आंकड़ों को देखें तो अब तक 21.80 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल पर धान की बुवाई हो चुकी है, जबकि गर्मी सीजन 2025 में यह इसी समय अवधि में 23.45 लाख हेक्टेयर में हुई थी।

**दालों के कुल क्षेत्रफल में बढ़ोतरी-** दालों के कुल क्षेत्रफल में बढ़ोतरी हुई है। इसमें 27 फरवरी 2026 तक 1.15 लाख हेक्टेयर में दालों की बुवाई हो चुकी है, जबकि पिछले सीजन में इसी समय अवधि में यह 1.03 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल था। इस तरह से दलहनों के रकबे में कुल मिलाकर 0.12 लाख हेक्टेयर में बढ़ोतरी हुई है। हरे चने की बुवाई में भी इस बार तेजी दिखी है। अब तक 0.73 लाख हेक्टेयर में चना बोया जा चुका है। पिछले सीजन में यह 0.70 लाख हेक्टेयर ही था।

### पश्चिम एशिया में तनाव का असर भारत पर: शिपिंग कंपनियां लगा रहीं युद्ध अधिभार

# खाद्य तेल-उर्वरक आयात होंगे महंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान सैन्य तनाव बढ़ने से भारत के खाद्य सूरजमुखी तेल और उर्वरक आयात में रुकावट का खतरा है। शिपिंग कंपनियां पश्चिम एशिया रूट पर भारी अधिभार लगा रही हैं, जिससे लागत बढ़ेगी। उद्योग संगठनों ने चेताया कि निर्यात भी प्रभावित हो सकता है और बीमा प्रीमियम बढ़ने से कीमतों पर दबाव आएगा।

उद्योग संगठनों ने सोमवार को कहा कि अमेरिका-ईरान सैन्य संघर्ष के बढ़ने से भारत के खाद्य योग्य सूरजमुखी तेल और जरूरी उर्वरकों के आयात में रुकावट आ सकती है, जबकि पश्चिम एशिया और यूरोप को कृषि जिंसों का निर्यात भी प्रभावित हो सकता है। पोत परिवहन कंपनियों ने पश्चिम एशिया से गुजरने वाले मालवाहक पोतों (कार्गो) पर आपात संघर्ष अधिभार लगाना शुरू कर दिया है। इसमें फ्रांस की कंटेनर क्षेत्र की बड़ी कंपनी सीएमए सीजीएम प्रति कंटेनर 2,000 डॉलर से 4,000 डॉलर के बीच अधिभार लगा रही है, जिससे आयात की लागत बढ़ रही है।

घुलनशील उर्वरक उद्योग संघ (एसएफआईए) के अध्यक्ष राजीब चक्रवर्ती ने कहा, पश्चिम एशिया को निर्यात अभी ठप पड़ा हुआ है। युद्ध जारी रहने के साथ जोखिम भी बढ़ेगा और शिपिंग कंपनियां बीमा अधिभार लगा सकती हैं, जिससे आयात महंगा हो जाएगा।

**राजीब चक्रवर्ती ने जताई चिंता-** चक्रवर्ती ने जून में शुरू होने वाले घरेलू खरीफ बुवाई सत्र से पहले डीएपी और एसएसपी उर्वरक बनाने के लिए जरूरी माल की आपूर्ति पर चिंता जताई। साथ ही कहा, इतने सारे बंदरगाह बंद होने से जाम लगेगा और कंटेनर की कमी हो जाएगी। कतर, सयुक्त अरब अमीरात और ओमान मिलकर भारत के गंधक (सल्फर) आयात का 76 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। भारत हर साल 1.6 करोड़ टन खाद्य तेल आयात करता है, जिसमें सूरजमुखी तेल का हिस्सा करीब 20 फीसदी है, जो मुख्य रूप से रूस, यूक्रेन और अर्जेंटीना से आता है।



### ईरान युद्ध के असर से सोने की कीमत 8 हजार से अधिक बढ़ी, चांदी करीब 23000 रुपए महंगी हुई

मध्य पूर्व में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, विशेष रूप से इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के कारण, सोमवार को भारतीय सरार्फा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखी गई। आइए सरार्फा बाजार की चाल के बारे में विस्तार से जानें। इस्त्राइल-ईरान युद्ध के चलते सोने और चांदी की कीमतों में सोमवार को बढ़ी तेजी देखी गई। इससे सोना 8 हजार रुपए से अधिक महंगा हो गया। वहीं, चांदी की कीमतों में भी 23 हजार रुपए से अधिक का इजाफा हुआ।

- **सोने और चांदी की कीमतों में क्या बदलाव हुआ-** इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए)के मुताबिक, 24 कैरेट सोने का दाम 8,374 रुपए बढ़कर 1,67,471 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि 1,59,097 रुपए प्रति 10 ग्राम था। 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,733 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 1,53,403 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। 18 कैरेट सोने की कीमत 1,19,323 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 1,25,603 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। चांदी का दाम 23,148 रुपए बढ़कर 2,89,848 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 2,66,700 रुपए प्रति किलो था।
- **वायदा बाजार की कीमतों में क्या उतार-चढ़ाव आया-** हाजिर के साथ वायदा बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखी गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 2 अप्रैल 2026 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 4.09 प्रतिशत बढ़कर 1,68,740 रुपए हो गई है। चांदी के 5 मई 2026 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 4.49 प्रतिशत बढ़कर 2,95,336 रुपए हो गया है।
- **वैश्विक बाजार का कैसा हाल रहा-** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी की कीमतों में तेजी बनी हुई है। खबर लिखे जाने तक कॉमेक्स पर सोना 2.78 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,397 डॉलर प्रति औंस और चांदी 1.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ 95.09 डॉलर प्रति औंस पर थी।

**आपूर्ति में रुकावट आई तो निर्यात के लिए अपनाना होगा दूसरा रास्ता-** सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के कार्यकारी निदेशक, बीवी मेहता ने कहा, अभी तक कोई असर नहीं पड़ा है। लेकिन, युद्ध जारी रहा, तो तो सूरजमुखी तेल की आपूर्ति में रुकावट आ सकती है, क्योंकि निर्यात खेप को दूसरा रास्ता अपनाना होगा। ऊर्जा की लागत, लॉजिस्टिक्स और वैश्विक जैव ईंधन बाजार के बीच संबंध को देखते हुए कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें दबाव बढ़ा सकती हैं। भारतीय वनस्पति तेल उत्पादक संघ (आईवीपीए) ने चेतावनी दी है कि अमेरिका-ईरान के बीच किसी भी तरह की तनातनी का सीधा असर भारत के कच्चे तेल और खाद्य तेल के बाजारों पर पड़ेगा।

### व्यापार घाटे में वृद्धि

## चालू खाते के घाटे में 13.2 अरब डॉलर का इजाफा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत का चालू खाते का घाटा दिसंबर तिमाही में बढ़कर 13.2 अरब डॉलर हुआ, मुख्य रूप से व्यापार घाटे में वृद्धि के कारण। सेवा क्षेत्र का प्रदर्शन मजबूत बना हुआ है। अधिक जानें। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, देश के चालू खाते के घाटे में दिसंबर तिमाही में वृद्धि देखी गई है। यह घाटा पिछले वर्ष की समान अवधि में 11.3 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.1 प्रतिशत) से बढ़कर 13.2 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.3 प्रतिशत) हो गया है। इस वृद्धि का मुख्य कारण बढ़ते व्यापार घाटे को बताया जा रहा है।

**व्यापार घाटे के आंकड़े क्या कह रहे-** आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर तिमाही में व्यापार घाटा 93.6 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 79.3 अरब डॉलर था। यह स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि आयात, निर्यात की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ा है, जिससे व्यापार संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

**चालू खाता घाटा के बारे में आरबीआई ने क्या बताया-** हालांकि, वर्ष 2025-26 की अप्रैल-दिसंबर अवधि के लिए चालू खाते के घाटे में समग्र रूप से सुधार हुआ है। इस नौ महीने की अवधि में घाटा 30.1 अरब डॉलर (जीडीपी का 1 प्रतिशत) रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 36.6 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.3 प्रतिशत) था। यह दशार्ता है कि तिमाही-दर-तिमाही आधार पर कुछ चिंताएं बढ़ी हैं, लेकिन वर्ष के कुल प्रदर्शन में कुछ हद तक स्थिरता आई है।


### ड्रैगन के सिस्टम फेल, भारत का सुदर्शन पास

# वायु सेना खरीदेगी पांच नए S-400 स्क्वाड्रन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत अपनी हवाई सुरक्षा मजबूत करने के लिए रूस से पांच नए एस-400 स्क्वाड्रन खरीदेगा। जानें ऑपरेशन सिंदूर में कैसे फेल हुए चीनी रडार और क्या है प्रोजेक्ट कुशा।

वैश्विक स्तर पर चीनी वायु रक्षा प्रणालियों के बुरी तरह विफल साबित होने के बीच, भारत अपनी हवाई सुरक्षा को और अधिक मजबूत करने जा रहा है। भारतीय वायु सेना जल्द ही रूस से 'एस-400 सुदर्शन' वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली के पांच नए स्क्वाड्रन खरीदेगी। आइए इस बड़े रक्षा सौदे, इसके पीछे के रणनीतिक कारणों और 'प्रोजेक्ट कुशा' को आसान सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं।



**भारत रूस से पांच अतिरिक्त एस-400 स्क्वाड्रन क्यों खरीद रहा है-** भारत ने यह बड़ा फैसला पिछले साल 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ मिली शानदार सफलता के बाद लिया है। चार दिनों तक चले इस संघर्ष में भारतीय वायु सेना की एस-400 प्रणाली ने पाकिस्तान के अंदर 300 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर पांच से छह पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों और एक जासूसी विमान को मार गिराया था। एक उच्च-मूल्य वाले जासूसी विमान को मार गिराकर भारत ने अब तक की सबसे लंबी हवाई मारक क्षमता का रिकॉर्ड भी स्थापित किया है। इसके अलावा, इस प्रणाली ने पाकिस्तान की ओर से दागी गई क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलों को भी सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया था।

**क्या चीनी वायु रक्षा प्रणालियां युद्ध में नाकाम साबित हुई हैं-** हां, चीनी मूल की रक्षा प्रणालियां हालिया वैश्विक संघर्षों में पूरी तरह बेबस नजर आई हैं। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान ने चीनी 'एचक्यू9' वायु रक्षा प्रणालियां तैनात की थीं, जो आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने वाले भारतीय विमानों और मिसाइलों को रोकने में विफल रहीं। इसके अलावा, पिछले महीने वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई के दौरान और ईरान के खिलाफ अमेरिकी व इस्त्राइली वायु सेना के 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' में भी चीनी 'एचक्यू9' प्रणालियां बेकार साबित हुई हैं।

**भारत और रूस के बीच एस-400 डील की मौजूदा स्थिति क्या है?**
भारत और रूस ने साल 2018 में एस-400 वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली के पांच स्क्वाड्रन खरीदने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इनमें से तीन स्क्वाड्रन पहले ही भारतीय बेड़े में शामिल किए जा चुके हैं और वर्तमान में परिचालन में हैं। भारत अब रूस से शेष दो स्क्वाड्रन की जल्द आपूर्ति करने का अनुरोध कर रहा है। इसके साथ ही, वायु सेना अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में अतिरिक्त मिसाइलें खरीदने की योजना बना रही है, जिसके लिए रूस से बातचीत चल रही है और जल्द ही निविदा जारी की जाएगी।

**रक्षा मंत्रालय की नई योजना क्या है और इन प्रणालियों को कहां तैनात किया जाएगा?**
**जवाब:** रक्षा मंत्रालय जल्द ही पांच अतिरिक्त स्क्वाड्रनों की खरीद के लिए भारतीय वायु सेना के प्रस्ताव को आधिकारिक मंजूरी देने के लिए आगे की कार्रवाई करेगा। सुरक्षा के लिहाज से इन अत्याधुनिक वायु रक्षा प्रणालियों को देश के पूर्वी और पश्चिमी, दोनों मोर्चों पर तैनात किया जाएगा।

### ईपीएफओ ने खाताधारकों को दी बड़ी राहत

## 2025-26 में भी 8.25% ब्याज मिलेगा 7 करोड़ से ज्यादा लोगों को लाभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईपीएफओ ने खाताधारकों को दी बड़ी राहत, 2025-26 में भी 8.125 प्रतिशत ब्याज मिलेगा, 7 करोड़ से ज्यादा लोगों को लाभ नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 2025-26 के लिए ईपीएफ पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर बनाए रखने का फैसला किया है। यह लगातार दूसरा साल है जब ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया गया। यह दर 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच जमा होने वाले अंशदान पर लागू होगी। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भी यही 8.25 प्रतिशत की दर लागू थी।

इस फैसले से करोड़ों नौकरीपेशा लोगों को स्थिर और अनुमानित रिटर्न का भरोसा मिलेगा। धीरे-धीरे कम हुआ रिटर्न अगर बीते दस वर्षों पर नजर डालें तो ईपीएफ की ब्याज दर में हल्की गिरावट देखी गई है। वर्ष 2015-16 में खाताधारकों को 8.8 प्रतिशत का रिटर्न मिला था, जो अब घटकर 8.25 प्रतिशत रह गया है। यानी एक दशक में 0.55 प्रतिशत की कमी आई है। हालांकि यह गिरावट बहुत बड़ी नहीं मानी जा रही, लेकिन यह संकेत जरूर देती है कि सुरक्षित निवेश योजनाओं पर मिलने वाला रिटर्न धीरे-धीरे नीचे आया है। इसके बावजूद ईपीएफ आज भी जोखिम रहित और भरोसेमंद निवेश विकल्पों में गिना जाता है। कभी 8.10 फीसदी तक पहुंची थी दर मार्च 2022 में ईपीएफओ ने 2021-22 के लिए ब्याज दर घटाकर 8.10 प्रतिशत कर दी थी, जो चार दशकों में सबसे निचला स्तर था। 2020-21 में यह दर 8.5 प्रतिशत थी और उससे पहले 2019-20 में 8.5 प्रतिशत पर लाई गई थी। 2016-17 में 8.65 प्रतिशत और 2017-18 में 8.55 प्रतिशत ब्याज मिला था। 2023-24 में दर को 8.15 प्रतिशत से बढ़ाकर 8.25 प्रतिशत किया गया था, जिसे अब 2025-26 के लिए भी कायम रखा गया है। इससे साफ है कि हाल के वर्षों में दर में ज्यादा उतार-चढ़ाव नहीं हुआ है। अब वित्त मंत्रालय की मंजूरी का इंतजार केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) के फैसले के बाद 2025-26 की ब्याज दर को अंतिम मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय के पास भेजा जाएगा।

## सोनिया बोलीं-खामेनेई की हत्या पर भारत की चुप्पी से हैरानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर भारत सरकार की चुप्पी को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा- दिल्ली की चुप्पी हैरान करने वाली है, यह तटस्थता (न्यूट्रल) नहीं, बल्कि जिम्मेदारी से पीछे हटना है। इंडियन एक्सप्रेस में पब्लिश आर्टिकल में उन्होंने लिखा- 1 मार्च को ईरान ने पुष्टि की कि उसके सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की एक दिन पहले अमेरिका और इजराइल के टारगेटेड अटैक में हत्या कर दी गई। जब दो देशों की डिप्लोमैट लेवल की बातचीत चल रही हो, तब एक मौजूदा राष्ट्राध्यक्ष की हत्या अंतरराष्ट्रीय संबंधों में गंभीर दरार को दिखाती है। सोनिया ने लिखा कि भारत सरकार ने न तो हत्या की निंदा की और न ही ईरान की संप्रभुता के उल्लंघन पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया दी। मोदी ने अमेरिका-इजराइल के हमले को अनदेखा किया, केवल यूएई पर ईरान की जवाबी कार्रवाई की निंदा की। बाद में पीएम ने गहरी चिंता और बातचीत व कूटनीति की बात कही। जबकि हमला उस समय हुआ, जब दो देशों के बीच कूटनीतिक प्रक्रिया जारी थी।

### बिना युद्ध घोषणा के हत्या

यह हत्या बिना किसी औपचारिक युद्ध की घोषणा और उस समय की गई, जब बातचीत की प्रक्रिया चल रही थी। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(4) के मुताबिक, किसी भी देश की सीमाओं या उसकी राजनीतिक आजादी के खिलाफ बल प्रयोग या धमकी देना गलत है। किसी मौजूदा राष्ट्राध्यक्ष की टारगेट किलिंग इन नियमों के खिलाफ है। अगर दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भी इस पर आवाज नहीं उठाता तो अंतरराष्ट्रीय नियम कमजोर पड़ सकते हैं। हत्या से सिर्फ 48 घंटे पहले प्रधानमंत्री इजराइल यात्रा से लौटे थे। वहां उन्होंने बेंजामिन नेतन्याहू सरकार के समर्थन की बात दोहराई। यह उस समय हुआ, जब गाजा संघर्ष में बड़ी संख्या में आम नागरिक, जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं

### 4 दिन में भारतीय एयरलाइंस की 1117 इंटरनेशनल फ्लाइट्स रद्द

# इजराइल-ईरान जंग,भारतीय विदेश मंत्रालय ने कंट्रोल रूम बनाया, जेद्दा से अहमदाबाद 200 यात्री आए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग के बीच भारत के विदेश मंत्रालय (टएअ) ने स्पेशल कंट्रोल रूम बनाया है। इसमें भारतीय नागरिकों के लिए कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। टएअ के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पोस्ट में इसकी जानकार दी।

इधर, जंग से बने विपरीत हालातों के चलते मिडिल ईस्ट के देशों से भारतीयों का लौटना जारी है। मंगलवार देर रात जेद्दा, दुबई से कई भारतीय दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड हुए। भारत आने पर लोगों ने कहा कि अपने देश वापस आकर अच्छा लग रहा है।

ईरान ने जंग के कारण दुनिया का सबसे अहम होर्मुज रूट (समुद्र का रास्ता) बंद कर दिया है। इसके चलते भारतीय झंडे वाले 37 जहाज और उनमें सवार 1,109 भारतीय नाविक वर्तमान में फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी में फंसे हुए हैं।

युद्ध के चलते पश्चिम एशिया के 8 देशों ने एयरस्पेस पूरी तरह बंद कर ?दिए हैं। 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक भारतीय एयरलाइंस ने 1,117 इंटरनेशनल फ्लाइट्स रद्द की हैं। इससे हजारों यात्री एयरपोर्ट पर फंस गए हैं।

खामेनेई की मौत के कुछ ही घंटों के अंदर, पाकिस्तान में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए। उन्होंने कराची में वर कॉन्सुलेट पर धावा बोलने की कोशिश की और इस्लामाबाद में डिप्लोमैटिक इलाके के बाहर पुलिस से भिड़ गए। सिक्योरिटी फोर्स के साथ झड़प में कम से कम 34 लोग मारे गए। 120 से ज्यादा घायल हुए हैं।

बेन गुरियन एयरपोर्ट के स्पोक्सपर्सन ने कहा कि 5 अप्रैल से एयरस्पेस फिर से खुल जाएगा और तेल अवीव एयरपोर्ट (बेन गुरियन एयरपोर्ट) सुबह से ऑपरेट होगा।



### तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली3 एयरपोर्ट पर 31 उड़ानें रद्द

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को उड़ान संचालन प्रभावित रहा। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार कुल 31 उड़ानें रद्द की गईंॉ एयरपोर्ट द्वारा जारी ऑपरेशनल अपडेट के मुताबिक, रद्द की गई उड़ानों में 16 आने वाली (आगमन) और 15 जाने वाली (प्रस्थान) उड़ानें शामिल हैं। मौजूदा स्थिति को देखते हुए कई एयरलाइंस ने अपने शेड्यूल में बदलाव किए हैं। इस बीच, बुधवार को कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे भारतीय यात्रियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में हालात को लेकर घबराहट जैसी स्थिति नहीं है और सरकार की मदद से स्थिति नियंत्रण में है।

### ईरान का दावा- 2 दिन में 650 अमेरिकी सैनिक हताहत हुए

ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है कि उसके जवाबी हमलों में पहले दो दिनों के अंदर करीब 650 अमेरिकी सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। यह जानकारी चीनी न्यूज एजेंसी शिनहुआ ने दी है। ईरान ने बहरीन में मौजूद अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के हेडक्वार्टर और सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से कई हमले किए। ईरान ने यह भी दावा किया कि उसके मिसाइल हमलों से एक अमेरिकी सैन्य जहाज को भारी नुकसान पहुंचा।

मंगलवार देर रात दुबई से दिल्ली के एयरपोर्ट पहुंचे एक यात्री ने कहा- मैं 25 फरवरी से दुबई में फंसा हुआ था, हम तीन दिनों तक अपने कमरों में पूरी तरह से बंद थे, सभी बड़ी चीजें दो-तीन दिनों तक पूरी तरह से बंद रखी गईं, मेरी भारत सरकार से बस एक रिक्वेस्ट है कि वहां ज्यादा से ज्यादा फ्लाइट्स भेजी जाएं ताकि लोग निकल सकें।

दुबई से IGI एयरपोर्ट पहुंचे एक यात्री ने कहा- मैं 28 फरवरी को दुबई गया था और उसी दिन सब कुछ शुरू हो गया। हम 2-3 दिन से फ्लाइट पकड़ने की कोशिश कर रहे थे, पिछले 1-2 दिन से ऐसी कोई आवाज नहीं आई है, लेकिन उससे पहले कई धमाके हुए थे।

## राजस्थान के युवक की ईरान के हमले में मौत:क्रूड ऑयल टैंकर पर गिरी थी मिसाइल,



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका–इजराइल और ईरान की वॉर में राजस्थान के एक युवक की मौत हो गई। नागौर जिले का रहने वाला युवक क्रूड ऑयल कंपनी के शिप पर जॉब करता था।

जानकारी के अनुसार 1 मार्च की सुबह ओमान के एक पोर्ट पर ईरान की मिसाइल उनके जहाज पर गिरी थी। हादसे में शिप पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

दलीप शिप के अगले हिस्से में पायलट आशीष कुमार के साथ ?थे। आशीष बिहार के रहने वाले थे, जिनका शव मिल गया है। वहीं, दलीप के बॉडी अभी नहीं मिली है। हमले के समय जहाज खासब पोर्ट पर खड़ा था। कंपनी के अनुसार हमले के दौरान अधिकांश क्रू मेंबर्स को सुरक्षित निकाल लिया गया था, लेकिन कैप्टन आशीष समेत 2 अन्य लोग मिसिंग हो गए थे। हमले के तीन दिन बाद बुधवार सुबह कंपनी ने दो लोगों की मौत की पुष्टि की। इनमें नागौर के खींवताना के रहने वाले दलीप भी शामिल हैं। ये शिप स्काईलाइट कंपनी का था। शिप कंपनी और सुरक्षा एजेंसीज तीन दिन से उनकी बॉडी ढूंढ रही हैं। दलीप के भाई देवेंद्र सिंह ने बताया – दलीप सिंह पुत्र कानसिंह ने 22 जनवरी 2026 को मर्चेंट नेवी में ड्यूटी जॉइन की थी। वो ऑयल/केमिकल टैंकर में क्रू मेंबर थे। जानकारी के अनुसार 28 फरवरी को आखिरी बार दिलीप की परिवार से बात हुई थी। दलीप के साथ नागौर जिले के बामणा गांव के रहने वाले सुनील कुमार भी काम करते थे। वे सुनील की ड्यूटी खत्म होने के बाद उनकी जगह ही शिफ्ट में पहुंचे थे।

### इजराइल-ईरान जंग; 37 भारतीय जहाज-1109 नाविक फंसे, सरकार ने रिस्पांस टीम बनाई

# होर्मुज रूट बंद होने से बढ़ी मुश्किलें; 3 भारतीयों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग का असर अब भारतीय समुद्री व्यापार पर दिखने लगा है। ईरान ने दुनिया का सबसे अहम होर्मुज रूट बंद कर दिया है।

इसके चलते भारतीय झंडे वाले 37 जहाज और उनमें सवार 1,109 भारतीय नाविक वर्तमान में फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी में फंसे हुए हैं। इन जहाजों में भारत के लिए जरूरी कच्चा तेल (क्रूड ऑयल) और एलएनजी लदा हुआ है।

जहाजों पर काम करने वाले कम से कम 3 भारतीय नाविकों की मौत हो गई है, जबकि एक नाविक घायल है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शिपिंग मंत्रालय ने एक 'क्विक रिस्पांस टीम' का बनाई है। यह टीम फंसे हुए नाविकों और उनके परिवारों की सहायता के लिए 24 घंटे काम करेगी।

इस बीच मिडिल ईस्ट में फंसे 2100 से ज्यादा भारतीय 7 फ्लाइट्स से मंगलवार को देश लौटे। वहीं मिडिल ईस्ट के कई देशों में एयरस्पेस बंद होने के चलते दिल्ली, मुंबई, बैंगलोर और चेन्नई एयरपोर्ट पर 250 से ज्यादा इंटरनेशनल फ्लाइट कैंसिल कर दी गईं।

इनमें दिल्ली से 80+, मुंबई से 107, बेंगलुरु से 42 और चेन्नई से 30 उड़ानें शामिल हैं। मध्य पूर्व में चल रहे तनाव के कारण एअर इंडिया ने जेद्दा और दुबई के लिए खास राहत उड़ानें शुरू की हैं। वहीं, इंडिगो जेद्दाह से हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद के लिए 10 स्पेशल उड़ानें भी चला रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने दो दिन में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर 8 खाड़ी देशों के नेताओं से बात की है। पीएम ने आज ओमान के सुल्तान, कतर के अमीर और कुवैत के क्राउन प्रिंस से फोन पर बात की और वहां हुए हमलों की निंदा की। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारत ने तेहरान में रह रहे अधिकांश भारतीय छात्रों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया है। भारतीय दूतावास ने मंगलवार को कहा कि राजधानी में सुरक्षा जोखिम बढ़ने के कारण यह कदम उठाया गया। छात्रों को तेहरान से बाहर सुरक्षित इलाकों में ले जाया गया है और उनके लिए यात्रा, भोजन तथा ठहरने की व्यवस्था की गई है। दूतावास ने बताया कि केवल कुछ ही छात्र ऐसे हैं जिन्होंने स्थानांतरण का प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया और वे अभी भी तेहरान में हैं। दूतावास ने ईरान में मौजूद अन्य भारतीय नागरिकों को सलाह दी है कि वे घर के अंदर रहें, खिड़कियों से दूर रहें और किसी भी प्रदर्शन या भीड़भाड़ वाले स्थान पर जाने से बचें।




## दिल्ली एयरपोर्ट पर 80 इंटरनेशनल फ्लाइट्स रद्द

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मध्य पूर्व में बढ़ते सैन्य तनाव का असर दिल्ली एयरपोर्ट पर पड़ा है। मंगलवार को यहां 80 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। इनमें 36 प्रस्थान और 44 आगमन उड़ानें शामिल हैं। एयरस्पेस प्रतिबंध और परिचालन बाधाओं के कारण कई उड़ानों में देरी और बदलाव देखने को मिला। एमिरेट्स की दुबई जाने वाली एक उड़ान एयरस्पेस प्रतिबंध के चलते वापस दिल्ली लौट आई।

पिछले तीन दिनों में भारतीय एयरलाइंस ने 1,117 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द की हैं। हालांकि एयर इंडिया ने दुबई से 149 यात्रियों को लेकर एक उड़ान संचालित की और फंसे क्रू मेंबर भी विशेष उड़ान से लौटे। फंसे यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पर अतिरिक्त बैठने की व्यवस्था, सफाई और मेडिकल सहायता बढ़ाई गई है। पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव के बीच फंसे भारतीय यात्रियों ने भारत लौटने के बाद राहत की सांस ली। कई यात्रियों ने कहा कि उन्हें तब तक सुकून नहीं मिला, जब तक उनका विमान भारत की जमीन पर नहीं उतर गया।

दुबई और अबू धाबी से लौटे यात्रियों ने धमाकों की आवाजें सुनने, मिसाइल इंटरसेप्ट होते देखने और अचानक उड़ानें रद्द होने के कारण हुई आर्थिक व मानसिक परेशानी का जिक्र किया। कुछ लोगों को अतिरिक्त दिनों तक होटल में रुकना पड़ा, जबकि एयरपोर्ट पर लंबी कतारें और अनिश्चितता बनी रही। हालांकि, विशेष और पुनर्निर्धारित उड़ानों के जरिए भारत लौटने के बाद यात्रियों ने राहत महसूस की और सरकार व दूतावासों के प्रयासों की सराहना की।

## इजराइल का दावा- 4 दिन में ईरान के 300 मिसाइल लॉन्चर नष्ट

# मशहद में दफनाए जाएंगे खामेनेई, दिन-तारीख तय नहीं: सुप्रीम लीडर का ऐलान अगले हफ्ते संभव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव/तेहरान

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को मशहद में दफनाया जाएगा। हालांकि दिन-तारीख तय नहीं है। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी फार्स के मुताबिक खामेनेई को इमाम रजा (अलैहिस्सलाम) की दरगाह के पास सुपुर्दे खाक किया जाएगा। खामेनेई का जन्म भी मशहद में ही 1939 में हुआ था।

ईरान के अगले सुप्रीम लीडर का ऐलान खामेनेई को दफनाने के बाद ही किया जाएगा। मंगलवार को खबर आई थी कि कोम में असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने सुप्रीम लीडर के चुनाव के लिए वोटिंग की है। असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स में 88 सदस्य होते हैं, जो देश के सुप्रीम लीडर को चुनते हैं।

दरअसल, 28 फरवरी को वर-इजराइल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी। तब से पद खाली है। हालांकि ईरानी अपोजिशन से जुड़े ईरान इंटरनेशनल का दावा है कि असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने [illegible] के दबाव में खामेनेई के बेटे मोजतबा को अगला सुप्रीम लीडर चुन लिया है।

धर, इजराइल की सेना ([illegible]) ने दावा किया है शनिवार से अबतक इजराइली हवाई हमलों में 300 से ज्यादा ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चर नष्ट कर दिए हैं।

### जंग में ईरान का नुकसान...

4 दिन में 787 लोगों की मौत हो चुकी है। 153 शहरों को निशाना बनाया गया। कुल 504 जगहों पर 1,039 हमले हुए। यह जानकारी ईरानियन रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने दी है।

### लेबनान के कई बॉर्डर कस्बों में रॉकेट सायरन एक्टिवेट

लेबनान बॉर्डर के पास कुछ कस्बों में रॉकेट वॉर्निंग सायरन एक्टिवेट हो गए हैं, मिलिट्री ने लोगों से तुरंत शेल्टर में जाने का कहा है।

कुवैत में भारतीय एम्बेसडर परमिता त्रिपाठी ने कहा- 28 फरवरी से कुवैत और इलाके में बदलते सिक्योरिटी हालात की वजह से यह सच में बहुत मुश्किल समय है। हमें कुवैत में इंडियन कम्युनिटी पर गर्व है कि वे पॉजिटिव, शांत और मजबूत बने हुए हैं। हम कुवैती अधिकारियों को उनकी चौबीसों घंटे सुरक्षा और प्रोफेशनलिज्म के लिए धन्यवाद देते हैं और हमारी लीडरशिप लगातार संपर्क में रही है।

### अमेरिकी सेना का दावा- 17 ईरानी जहाज और एक सबमरीन नष्ट की

अमेरिकी सेंट्रल फोर्स के कमांडर ने एक वीडियो मैसेज जारी किया है। इसमें 28 फरवरी से चल रही जंग के बारे में बताया है कि उन्होंने 17 ईरानी मिलिट्री जहाज और एक सबमरीन नष्ट कर दिए हैं। साथ ही यह भी कहा कि अरब की खाड़ी, होर्मुज स्ट्रेट या ओमान स्ट्रेट में कोई भी ईरानी जहाज अब नहीं है। ईरान ने अब तक 500 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलें और 2000 ड्रोन दागे हैं।



### ईरान की सेना ने कुर्द अलगाववादियों के हेडक्वार्टर पर हमला किया

ईरानी आर्म्ड फोर्सेज का कहना है कि उन्होंने उत्तरी इराक के कुर्दिस्तान इलाके में कुर्द अलगाववादियों के हेडक्वार्टर पर हमला किया है। आरोप है कि वे ईरान में ग्राउंड ऑपरेशन की प्लानिंग कर रहे थे। ईरान इंटरनेशनल ने दावा किया है कि इराक बॉर्डर के पास ईरान के मारिवान शहर को खाली कराया जा रहा है। मस्जिद के लाउडस्पीकर पर चेतावनी दी जा रही है। पूरे इराक में ईरान से जुड़े हथियारबंद गुटों के हेडक्वार्टर में धमाके हो रहे हैं। इराक के दियाला, अल-अनबार गवर्नरेट और मुथन्ना गवर्नरेट में भी हमलों की खबर है।

### ईरान इंटरनेशनल का दावा- दबाव में मोजतबा को चुना सुप्रीम लीडर

ईरानी अपोजिशन से जुड़े ईरान इंटरनेशनल का दावा है कि ईरान की असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने दबाव में अली खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई को देश का अगला सुप्रीम लीडर चुना है।



### ईरान के मशहद में दफनाए जाएंगे अयातुल्ला खामेनेई, दिन-तारीख तय नहीं

ईरान की सरकारी मीडिया के मुताबिक अमेरिका-इजराइल के हमले में मारे गए सुप्रीम लीडर अली खामेनेई को उत्तर-पूर्वी शहर मशहद में दफनाया जाएगा। उन्हें इमाम रजा (अलैहिस्सलाम) की दरगाह के पास सुपुर्दे खाक किया जाएगा। हालांकि दिन कौन सा होगा, यह जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फार्स की रिपोर्ट के मुताबिक अगले हफ्ते तक ईरान के नए सुप्रीम लीडर का चुनाव नहीं हो पाएगा। वोटिंग खामेनेई को दफनाने के बाद होने की संभावना है।

### तुर्की के विदेश मंत्री बोले- ईरान के हमले जारी रहे तो पीड़ित देश चुप नहीं बैठेंगे

तुर्की के विदेश मंत्री हकन फिदान ने अरब देशों पर ईरान के हमलों की आलोचना की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि ईरान के लगातार हमले उन देशों से जवाबी कार्रवाई भड़का सकते हैं। तेहरान ₹अगर मैं डूबा, तो मैं पूरे इलाके को भी डुबो दूंगा₹ की स्ट्रैटेजी इस्तेमाल कर रहा है। फिदान का कहना है कि ईरान में नई लीडरशिप बनने से युद्ध खत्म करने का मौका मिल सकता है।

### ईरान-असेंबली ऑफ एक्सपर्ट में आखिरी दौर की वोटिंग

ईरान की फार्स न्यूज के मुताबिक ईरान की एक्सपर्ट्स की असेंबली नए सुप्रीम लीडर को चुनने के लिए आखिरी वोटिंग कर रही है। हालांकि खबर है कि कोम में असेंबली की बिल्डिंग पर हमला हुआ, लेकिन वहां कोई सेशन नहीं हुआ। सिक्योरिटी कारणों से वोटिंग रिमोटली की जा रही है।सूत्रों का कहना है कि चुनाव आखिरी स्टेज में चल रहे हैं और बहुत जल्द नए लीडर का ऐलान हो सकता है।

ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन के एक सीनियर अधिकारी ने बताया है कि वर स्टेट डिपार्टमेंट मिडिल ईस्ट से अमेरिकियों को निकालने के लिए मिलिट्री, चार्टर फ्लाइट्स की व्यवस्था कर रहा है। लगभग 3,000 वर नागरिक मिडिल ईस्ट में मौजूद हैं।

### ट्रम्प बोले- अमेरिका स्पेन से सारा व्यापार खत्म करेगा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि अमेरिका स्पेन के साथ सभी व्यापारिक संबंध समाप्त करेगा। यह फैसला स्पेन द्वारा ईरान से जुड़े सैन्य अभियानों के लिए अमेरिकी सेना को अपने ठिकानों के इस्तेमाल की अनुमति न देने के बाद लिया गया है।

### ट्रम्प बोले- ईरान पर चल रहा ऑपरेशन वेनेजुएला से अलग

ट्रम्प ने कहा है कि ईरान में चल रहा सैन्य अभियान वेनेजुएला में किए गए ऑपरेशन से पूरी तरह अलग है। उन्होंने दोनों अभियानों की तुलना करते हुए कहा कि वेनेजुएला में कार्रवाई के बावजूद वहां की सरकारी संरचना को सुरक्षित रखा गया था।

## ईरान के उर्मिया में हमलों से भारतीय छात्र दहशत में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव/तेहरान

ईरान के उत्तर-पश्चिमी शहर उर्मिया में ताजा हवाई हमलों से वहां पढ़ रहे भारतीय छात्र दहशत में हैं। जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से तत्काल हस्तक्षेप कर छात्रों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने की मांग की है।

खडरअ के राष्ट्रीय संयोजक नासिर खुहेमी ने बताया कि हालिया एयरस्ट्राइक उर्मिया यूनिवर्सिटी के लड़कों के हॉस्टल से करीब 300 मीटर दूर हुई। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि पूरी इमारत हिल गई। छात्रों के मुताबिक, हर घंटे फाइटर जेट्स की आवाज सुनाई दे रही है, जिससे भय और अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है।

एसोसिएशन ने विदेश मंत्रालय और तेहरान स्थित भारतीय दूतावास से तुरंत स्थिति का आकलन कर छात्रों को सुरक्षित शहरों में स्थानांतरित करने की अपील की है। एयरस्पेस सामान्य होने तक अस्थायी पुनर्वास और जरूरत पड़ने पर आपातकालीन ट्रांजिट व्यवस्था की मांग की गई है। कि समय पर ठोस और संरचित कदम उठाना जरूरी है, ताकि संभावित मानवीय संकट से बचा जा सके और छात्रों व उनके परिवारों को राहत मिल सके।

# ट्रम्प बोले-ईरान का नया नेता भी पहले जैसा होगा तो स्थिति खराब होगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव/तेहरान

ट्रम्प ने ईरान में संभावित नेतृत्व बदलाव को लेकर कहा कि सबसे खराब स्थिति तब होगी, जब नया नेता भी पहले जैसा ही हो। उन्होंने कहा, ह्लऐसा हो सकता है, लेकिन हम ऐसा नहीं चाहते। हम चाहते हैं कि कोई ऐसा व्यक्ति आए जो लोगों के लिए काम करे। ट्रम्प ने यह भी कहा कि जिन संभावित उम्मीदवारों पर विचार किया गया था, उनमें से कुछ अब जीवित नहीं हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान की नेवी, एयर फोर्स और एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम लगभग पूरी तरह खत्म कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सब कुछ खत्म कर दिया गया है। ट्रम्प ने यह बयान व्हाइट हाउस में जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से मुलाकात के बाद दिया।



### ईरानी हमलों के बाद ब्रिटेन ने साइप्रस में सैन्य तैनाती बढ़ाई

ईरान के हालिया हमलों के बाद ब्रिटेन ने साइप्रस में अपनी सैन्य तैनाती बढ़ाने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने काउंटर-ड्रोन क्षमताओं वाले हेलीकॉप्टर साइप्रस भेजने और एयर डिफेंस डेस्ट्रॉयर ह्लटर ड्रैगन को क्षेत्र में तैनात करने की घोषणा की है। ईरान में तेहरान के मेहराबाद एयरपोर्ट पर हवाई हमले हुए हैं, जिसके बाद एयरपोर्ट पर भीषण आग लग गई है। यह जानकारी ईरानी समाचार एजेंसी [illegible] ने दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूर्वी तेहरान के हाकिमीयेह इलाके को भी निशाना बनाया गया।


हमलों से पहले इजराइली सेना ने तेहरान के कुछ इलाकों के नागरिकों को चेतावनी देते हुए कहा था कि आने वाले घंटों में सैन्य अभियान चलाया जाएगा और लोगों से क्षेत्र खाली करने को कहा गया था। लेबनान की राजधानी बेरूत में अमेरिकी एम्बेसी ने सुरक्षा हालात के बीच अपना कामकाज अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। दूतावास ने सार्वजनिक सेवाएं निलंबित करते हुए कहा कि स्टाफ की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्षेत्र में बढ़ते तनाव और सैन्य गतिविधियों के बीच यह कदम एहतियातन उठाया गया है। वीजा और अन्य कांसुलर सेवाएं फिलहाल उपलब्ध नहीं रहेंगी। अमेरिकी प्रशासन ने लेबनान में मौजूद अपने नागरिकों को सतर्क रहने और यात्रा संबंधी सलाह का पालन करने को कहा है। हालात सामान्य होने पर कामकाज बहाल करने की बात कही गई है।

### नेतन्याहू बोले- जोरदार हमले जारी

इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा है कि उनकी सेना ईरान पर जोरदार हमले जारी रखे हुए है। एयर फोर्स बेस पर दिए बयान में उन्होंने कहा, ह्लहम ईरान पर पूरी ताकत से हमला कर रहे हैं। हमारे पायलट तेहरान के आसमान में हैं और लेबनान के आसमान में भी ह्व

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचनशक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-2
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 2 | | 5 | | 1 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 18 | | 14 | | 4 | | 4 | = | 32 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 10 | | 2 | | 8 | = | 5 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 58 | | 8 | | 23 | | 21 | = | 32 / 14 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ते | ग | य | हा | डु | र |
| रा | अ | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | कां | अं |
| य | म | र्जु | हे | रा | दी | मा | म | य | ग | रू |
| ई | र | य | न | म | या | स | क | त | ज | प |
| प | दा | ह | प्या | दा | तो | हे | दे | मो | र | त |
| ह | स | क | प | स | स | व | य | ण | गो | व |
| द | र | न | न | ट्रे | रू | ह | र | मो | विं | द |
| क | र | रा | प | क्ष | प | का | र | चो | ट | ख |
| र | व | त | य | रा | हो | प | य | अ | सिं | अ |
| क | र | त | प | र्जु | ज | ता | रे | आ | ह | द |
| क | ह | रि | कि | श | न | चि | त्र | य | त | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# इजराइल ने ट्रैफिक कैमरे हैक कर खामेनेई पर हमला किया


## सालों तक नजर रखी, ऑफिस पर 30 मिसाइलें गिराई, 40 अफसर भी मारे गए



**ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की शनिवार को इजराइल के हवाई हमले में मौत हो गई। यह हमला तेहरान की पास्चर स्ट्रीट के पास उनके ऑफिस पर हुआ, जहां वे कई बड़े ईरानी नेताओं के साथ बैठक कर रहे थे। इस हमले में इजराइल ने ऑफिस पर 30 मिसाइलें गिराई थीं, जिसमें खामेनेई के साथ 40 अफसर भी मारे गए थे। इजराइल ने कई सालों से इस हमले की तैयारी की थी।**

**उनकी खुफिया एजेंसी मोसाद और यूनिट 8200 ने तेहरान के लगभग सभी ट्रैफिक कैमरों को हैक कर लिया था। इन कैमरों की तस्वीरें एन्क्रिप्ट करके तेल अवीव और दक्षिण इजराइल के सर्वरों पर भेजी जाती थीं। अमेरिका की खुफिया एजेंसी उक्स ने भी इस ऑपरेशन में मदद की। इसमें एक खास कैमरा था, क्योंकि उससे पता चलता था कि सीनियर अधिकारियों के बॉडीगार्ड और ड्राइवर अपनी निजी गाड़ियां कहां पार्क करते हैं।**

## इजराइल ने ईरान की फोन टावरों को हैक किया था







## भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत पर अमेरिका का हमला: श्रीलंका के पास डूबा, 87 सैनिकों की मौत; 32 का रेस्क्यू किया

**अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज पांचवां दिन है। अमेरिका ने भारत से लौट रहे एक ईरानी युद्धपोत क्कक्र देना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया है। हमले में अब तक 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए हैं। यह जानकारी श्रीलंकाई सरकार ने दी है।**

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बताया कि हिंद महासागर में अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरानी जहाज को टॉरपीडो से निशाना बनाकर डुबा दिया। श्रीलंका की नेवी ने 32 घायल नौसैनिकों का रेस्क्यू कर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है।

जहाज पर लगभग 180 नौसैनिक सवार थे। लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। यह ईरानी युद्धपोत पिछले महीने भारत के विशाखापट्टनम में आयोजित 2026 इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में हिस्सा लेकर लौट रहा था। श्रीलंकाई अधिकारियों ने अल जजीरा को बताया कि बुधवार सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच (भारतीय समय के मुताबिक) मदद के लिए मैसेज भेजा। यह जहाज दक्षिणी श्रीलंका के गाले शहर से करीब 40 समुद्री मील (करीब 75 किलोमीटर) दूर था।

अमेरिकी सीनेट राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान को सीमित करने वाले प्रस्ताव को पारित करने में विफल रही। यह वार पावर्स (हं१ ढड्ढद्दी१२) प्रस्ताव प्रक्रियात्मक मतदान में 47 के मुकाबले 52 मतों से आगे नहीं बढ़ सका।

इसका उद्देश्य ट्रंप को कांग्रेस की अनुमति के बिना ईरान के खिलाफ आगे सैन्य कार्रवाई करने से रोकना था। मतदान काफी हद तक पार्टी लाइनों पर हुआ–अधिकांश डेमोक्रेट प्रस्ताव के पक्ष में थे, जबकि ज्यादातर रिपब्लिकन इसके खिलाफ रहे और उन्होंने राष्ट्रपति के सैन्य अभियान का समर्थन किया।

### अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग में अब तक क्या-क्या हुआ

**जंग की शुरुआत- 28 फरवरी सुबह**

- इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर बड़े हमले शुरू किए।
- टारगेट: सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई का कंपाउंड, न्यूक्लियर साइट्स, मिसाइल फैक्टरियां और IRGC कमांड सेंटर्स। ट्रम्प ने इसे **"ऑपरेशन एपिक फ्यूरी"** नाम दिया।

**खामेनेई की मौत- 28 फरवरी-1 मार्च**

- ट्रम्प ने ऐलान किया खामेनेई मारे गए।
- ईरानी स्टेट मीडिया ने भी पुष्टि की।
- 48+ ईरानी टॉप लीडर्स भी मारे गए।

**ईरान के जवाबी हमले**

- ईरान ने इजराइल, UAE, कतर, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन, सऊदी अरब और इराक में अमेरिकी बेस पर सैकड़ों मिसाइल-ड्रोन दागे।
- लेबनान में हिजबुल्लाह भी जंग शामिल हो गया।
- UAE और सीरिया में सिविलियन मौतें, इजराइल में कुछ हिट्स

**1-2 मार्च: दोनों तरफ से हमले तेज हुए**

- अमेरिका-इजराइल ने 2,000+ टारगेट्स पर हमले किए
- ईरान का 50% मिसाइल स्टॉक का नष्ट, 9 नेवी जहाज डूबे
- अमेरिका ने ईरान पर B-2 बॉम्बर्स से हमला किया और एयर सुपीरियॉरिटी हासिल।
- ईरान में 550+ मौतें, 747+ घायल।

**अमेरिका को भी नुकसान हुआ**

- पहली बार 3 अमेरिकी सैनिक मारे गए, 4 गंभीर घायल
- कुवैत में फ्रेंडली फायर में 3 US फाइटर जेट गिराए गए।
- ट्रम्प ने कहा "हमले हफ्ते भर या जरूरत तक चलेंगे।"
- अमेरिका और इजराइल ने और फोर्सेस भेजीं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 05 मार्च, 2026

## सुभाषितानि

आहार निद्रा भय मैथुनं च सामान्यमेतत् पशुभिर्नराणाम्।
धर्मो हि तेषामधिको विशेषः धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः॥

**भावार्थ** : भोजन, निद्रा, भय और काम-वासना-ये मनुष्य और पशु में समान हैं। मनुष्य में केवल धर्म है, अर्थात बिना धर्म के लोग पशु के समान हैं।

मृतं शरीरमुत्सृज्य काष्ठलोष्ठसमं क्षितौ।
विमुखा बान्धवा यान्ति धर्मस्तमनुगच्छति॥

**भावार्थ** : जैसे लकड़ी के टुकड़े शव को छोड़ते हैं, वैसे ही परिजन भी मुंह मोड़कर चले जाते हैं। मनुष्य के पीछे धर्म ही चलता है।

## सर्वोच्चन्यायालयेन एनसीईआरटी पुस्तके विवादास्पदं अध्यायं प्रतिबन्धितं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

एनसीईआरटी-अष्टमवर्गस्य विवादास्पदस्य पुस्तकस्य विषये सीजेआइ सूर्यकान्तः कठोरं रुखं स्वीकृतवान् अस्ति। फरवरी २६ दिनाङ्के गुरुवासरे सर्वोच्चन्यायालये सुनवायीकाले सः अवदत् यत् सः अशर्तं क्षमायाचनं न स्वीकुर्यात् इति। पुस्तकस्य प्रकाशनं कथं जातम् इति अन्वेषणं भविष्यति इति सः अवदत्। सर्वोच्चन्यायालयेन एनसीईआरटी-पुस्तकस्य तस्य अध्यायस्य अपि प्रतिबन्धः कृतः। न्यायालयेन पुस्तकस्य प्रतिलिपिनां प्रकाशनं डिजिटलसाझेदारी च निषिद्धं कृत्वा भौतिकप्रतियाः जब्धस्य आदेशः दत्तः। सर्वोच्चन्यायालयेन उक्तं यत् ये कस्यापि रूपेण प्रतिलिपानि साझां कुर्वन्ति तेषां विरुद्धं कानूनी कार्रवाई भविष्यति। प्रकरणस्य अग्रिमः सुनवायी मार्चमासस्य ११ दिनाङ्के भविष्यति।

## सम्पादकीयम्

### पभोगः भारतस्य

अर्थव्यवस्थायाः आधारः अस्ति। देशस्य सकलराष्ट्रीयउत्पादे अस्य योगदानं प्रायः ६०% भवति। एतत् वर्धयितुं गतवर्षस्य बजटे नूतनकरव्यवस्थायाः अन्तर्गतं 12 लक्षं यावत् आयस्य आयकरं मार्फ कृतवान्। गत उत्सवस्य ऋतुतः पूर्वं सर्वकारेण जीएसटी-दराः युक्तियुक्ताः कृताः। अपि च, भारतीयरिजर्वबैङ्केन दरकटनस्य नवीनतमचक्रे व्याजदरेषु ०.७५ आधारबिन्दुभिः न्यूनीकरणं कृतम्। एतेन उपभोगः अपि वर्धते इति अपेक्षा अस्ति। बजट्-मध्ये वित्त-अनुशासनं स्थापयितुं सर्वकारेण कृतस्य घोषणायाः अनन्तरं रिजर्व-बैङ्कस्य कार्याणि विशेषज्ञाः पश्यन्ति। मार्केट निराश बजटस्य कारणेन शेयरबजारः निराशः अभवत्। विदेशीयनिवेशकाः २०१४ तमस्य वर्षस्य सितम्बरमासात् आरभ्य भारतात् धनं निष्कासयन्ति। एतस्मिन् समये म्यूचुअल् फण्ड्-बीमा-कम्पनीषु च घरेलुनिवेशकानां निवेशेन विपण्यं समर्थनं प्राप्तम् तथापि तेषां विश्वासस्य अवधिः संशये एव तिष्ठति। यदि घरेलुनिवेशकाः धनं प्राप्तुं असफलाः भवन्ति तर्हि एसआईपी निवेशानां न्यूनता भवितुम् अर्हति। एतेन शेयर-बजारे दबावः वर्धयितुं शक्यते। मार्केट् कृते दुर्वार्ता अस्ति यत् वायदाविकल्पेषु एसटीटी-दरयोः १५०% वृद्धिः अस्ति। यद्यपि एतेन कदमेन सह सर्वकारस्य अभिप्रायः लघुनिवेशकान् वायदाविपणात् दूरं स्थापयितुं वर्तते तथापि उच्चावृत्तिव्यापारिणां सहभागिता अपि न्यूनीकर्तुं शक्नोति। एतेन शेयरबजारस्य मात्रायां न्यूनता भविष्यति, यत् सम्भाव्यतया शेयरमूल्यानां आविष्कारं प्रभावितं करिष्यति।

#### महाविद्यालये, पुस्तकालयेषु, प्रशिक्षणकेन्द्रेषु वा स्थितानां

# छात्राणां नित्यं शुल्कग्रहणं सर्वदा सम्भवं न भवति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

महाविद्यालये, पुस्तकालयेषु, प्रशिक्षणकेन्द्रेषु वा स्थितानां छात्राणां कृते नित्यं शुल्कग्रहणं सर्वदा सम्भवं न भवति। अतः न्यूनातिन्यूनं ६ तः ८ घण्टापर्यन्तं बैटरीजीवनं युक्तं लैपटॉपं क्रेतुं शक्यते। केचन नूतनाः मॉडल द्रुतचार्जिंग् इत्यनेन सह अपि आगच्छन्ति, येन न्यूनसमये अधिकं बैटरी चार्जं भवति। प्रदर्शनगुणवत्ताविषये जागरूकता अपि वर्धिता अस्ति। विशेषज्ञाः वदन्ति यत् दीर्घकालं यावत् स्क्रीनसमयः नेत्रेभ्यः हानिकारकः भवितुम् अर्हति अतः पूर्ण एच् डी रिजोल्यूशन (१९२०×१०८० पिक्सेल) युक्तं प्रदर्शनं चयनीयम्। १४ इञ्च् स्क्रीन् पोर्टेबिलिटी कृते इष्टतमं मन्यते, यदा तु १५.६ इञ्च् स्क्रीन् बहुकार्यं कर्तुं सामग्रीं द्रष्टुं च सुविधाजनकं भवति। १.६ किलोग्रामात् न्यूनभारयुक्ताः लघुमाडलाः छात्राणां कृते अधिकं उपयुक्ताः इति मन्यते, यतः प्रायः स्वस्य लैपटॉपं स्वपुटयोः परितः वहन्ति।

स्थायित्वं अपि महत्त्वपूर्णं कारकम् अस्ति। छात्रेषु लैपटॉपस्य पतनस्य, पुटस्य मर्दनस्य, द्रवस्य वा प्रक्षेपणस्य घटनाः सामान्याः सन्ति। अतः दृढशरीरयुक्तानि, दृढकपाटयुक्तानि, स्पिल-प्रतिरोधी कीबोर्ड्-युक्तानि च मॉडल्-प्रधानं कर्तुं अनुशंसितम्। विश्वसनीयः ब्राण्ड्, न्यूनातिन्यूनं एकवर्षीयः वारण्टी च अत्यावश्यकः इति मन्यते। केचन कम्पनयः विस्तारिताः वारण्टीः, स्थलसेवा च प्रदास्यन्ति, यत् दीर्घकालं यावत् लाभप्रदं सिद्धं भवितुम् अर्हति।

शिक्षाविशेषज्ञाः वदन्ति यत् छात्राः अभिभावकाः च केवलं रूपस्य आधारेण वा आकर्षकस्य डिजाइनस्य आधारेण वा लैपटॉपं न क्रेतव्याः। कार्यप्रदर्शनस्य दीर्घकालीनप्रयोज्यतायाश्च प्राथमिकता दतुं बुद्धिमान् उपायः अस्ति। बजटनिर्णयकाले छात्रस्य अध्ययनपाठ्यक्रमस्य विषये विचारयन्तु, तेषां कृते किं सॉफ्टवेयरं वा अनुप्रयोगं वा आवश्यकं भविष्यति इति विचारयन्तु। सामान्यस्नातकपाठ्यक्रमेषु मध्यमस्तरीयः लैपटॉपः पर्याप्तः भवितुम् अर्हति, यदा तु तकनीकीक्षेत्रेषु अथवा रचनात्मकक्षेत्रेषु छात्राणां कृते अधिकशक्तिशालिनः यन्त्रस्य आवश्यकता भवितुम् अर्हति। अङ्कीयशिक्षायाः विस्तारेण, ऑनलाइन-संसाधनानाम् वर्धमानेन उपलब्धतायाः च कारणेन लैपटॉप् छात्राणां शैक्षणिकजीवनस्य अभिन्नः भागः अभवत् २०२६ तमे वर्षे प्रौद्योगिकी उन्नतिः विकल्पानां धनं प्रददाति, परन्तु समुचितसूचनां विना गलत विकल्पं करणं आर्थिकभारः शैक्षिकबाधः च भवितुम् अर्हति विशेषज्ञाः क्रयणपूर्वं भवतः।

#### विमानभाडानां महती वृद्धिः

## दिल्लीतः पटनानगरं प्रति मार्चमासस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

रेलवे २५ फरवरीतः १८ मार्चपर्यन्तं विभिन्नक्षेत्रेषु १,२४४ संचालनस्य घोषणां कृतवती अस्ति। एताः रेलयानानि मुम्बई, पुणे, नागपुर इत्यादिभ्यः प्रमुखनगरेभ्यः दानापुर, गोरखपुर, हजरतनिजामुद्दीन, समस्तीपुर, बरौनी इत्यादीनां गन्तव्यस्थानानां कृते प्रचलन्ति तदपि वर्धितायाः माङ्गल्याः कारणात् विशेषरेलयानेषु आसनानि द्रुतगत्या पूरयन्ति।

विमानभाडानां महती वृद्धिः दृष्टा अस्ति। दिल्लीतः पटनानगरं प्रति मार्चमासस्य २, ३ दिनाङ्केषु इन्डिगो-स्पाइस्जेट्-इत्येतयोः विमानयोः मूल्यं ९,०००-अधिकं प्राप्तम् अस्ति। प्रातः ९ तः १० वादनपर्यन्तं विमानयानस्य भाडा १२,००० यावत् अभवत्। दिल्लीतः गुवाहाटीपर्यन्तं प्रातःकाले विमानयानस्य भाडा ६,००० तः ७,००० यावत् भवति। दिल्ली-मुम्बई-मार्गे अपि टिकटस्य मूल्यं २ मार्च दिनाङ्के ५,०००, मार्च ३ दिनाङ्के प्रायः ५,४०० यावत् अभवत्। भारते उत्सवेषु यात्रायाः त्वरितता सामान्या अस्ति, परन्तु अस्मिन् समये माङ्गल्याः उदयात् अन्तिमनिमेषे यात्रिकाः टिकटं बुकं कर्तुं कठिनसमयस्य सामनां कुर्वन्ति। रेलमार्गस्य आरक्षणकाउण्टरेषु, ऑनलाइन-मञ्चेषु च निरन्तरं जनसङ्ख्या भवति। अनेके यात्रिकाः तत्कालकोटानां उपरि अवलम्बन्ते, यत्र आसनानि अपि सीमिताः सन्ति। उत्सवेषु माङ्गल्याः आपूर्तिस्य च असन्तुलनात् भाडावृद्धिः स्वाभाविकी इति यात्राविशेषज्ञाः वदन्ति। परन्तु यात्रिकाः पूर्वमेव स्वयात्रायाः योजनां कृत्वा केवलं अधिकृतमञ्चद्वारा एव टिकटं बुकं कुर्वन्तु इति सल्लाहः दत्तः अस्ति। होली-नगरात् पूर्वं गृहं प्रत्यागन्तुं त्वरया देशे सर्वत्र परिवहनव्यवस्थायां महती तनावः जातः। दीर्घाः रेलयान प्रतीक्षासूचिकाः, आकाशगतिविमानभाडाः च सूचयन्ति यत् जनाः स्वपरिवारेण सह वर्णपर्वं आयोजयितुं सर्वप्रयत्नाः कुर्वन्ति।

## राशिफल

**मेष** : मेष राशि के जातकों को शुभ परिणाम मिलेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, लेकिन सावधानी आपके लिए बहुत जरूरी है।

**वृषभ** : वृष राशि के जातकों के लिए ये समय अच्छा नहीं है। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय शुभ है।

**मिथुन** : समय उत्तम है। आप पर गुरु की कृपा है। आपको इस समय विवाह और धन लाभ के योग मिल रहे हैं।

**कर्क** : नौकरी और व्यापार में तरक्की के योग बन रहे हैं।नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**सिंह** : सिंह राशि के जातकों के लिए समय अच्छा। परिवार के सदस्यों के साथ समय व्यतीत करने का अवसर प्राप्त होगा।

**कन्या** : जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा।

**तुला** : तुला राशि के जातकों को शुभ फल की प्राप्ति होगी। कार्यों में सफलता प्राप्त करेंगे। या वाहन या मकान खरीद सकते हैं।

**वृश्चिक** : मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु** : माता-पिता का साथ मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** : आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ का ध्यान रखें।

**कुंभ** : संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं।

**मीन** : संयत रहें। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

## ज्योतिष/वास्तु

# बार-बार बीमारी, पैसे की दिक्कत और लड़ाई-झगड़े हो रहे हैं तो कमजोर है राहु, यहां जानें संकेत

ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार यदि कुंडली में राहु कमजोर होता है, तो जीवन में इसके कई नकारात्मक प्रभाव देखने को मिलते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि कुंडली में कमजोर राहु होने के लक्षण क्या हैं और इसे संतुलित करने के लिए कौन से उपाय किए जा सकते हैं।

ज्योतिष शास्त्र में कुल नौ ग्रहों का उल्लेख मिलता है, जिनमें सूर्य, चंद्रमा, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि के साथ राहु और केतु शामिल हैं। हर ग्रह का अपना अलग स्वभाव, प्रभाव और महत्व होता है। इन्हीं में से एक विशेष ग्रह राहु है, जिसे आमतौर पर अशुभ ग्रहों की श्रेणी में रखा जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार राहु एक तमसिक असुर है और



इसे उत्तर चंद्र बिंदु या आरोही चंद्र बिंदु का स्वामी माना जाता है। राहु को नाग स्वरूप और राक्षसी प्रवृत्ति का प्रतीक भी कहा गया है। ज्योतिष के अनुसार राहु एक छाया ग्रह है। छाया होने के कारण इसका प्रभाव मन, सोच और व्यवहार पर गहरा पड़ता है। राहु के मुख्य गुण रोग, ऋण और शत्रुता माने गए हैं। वहीं दूसरी ओर राहु के प्रभाव में आने वाले लोग साहसी, निडर और आत्मविश्वास से भरपूर होते हैं। इन्हीं कारणों से कलियुग में राहु का प्रभाव विशेष रूप से बढ़ा हुआ माना जाता है। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार यदि कुंडली में राहु कमजोर होता है, तो जीवन में इसके कई नकारात्मक प्रभाव देखने को मिलते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि कुंडली में कमजोर राहु होने के लक्षण क्या हैं और इसे संतुलित करने के लिए कौन से उपाय किए जा सकते हैं।

### राहु के अशुभ होने के लक्षण

- राहु की किसी भी ग्रह के साथ युति को चुनौतीपूर्ण माना जाता है।
- सूर्य और राहु की युति से पितृ दोष का निर्माण होता है।
- शनि और राहु की युति से श्रापित दोष बनता है।
- चंद्रमा और राहु की युति से ग्रहण दोष माना जाता है।
- गुरु और राहु की युति से गुरु चांडाल योग बनता है।
- शुक्र और राहु की युति से पातक दोष का योग माना गया है।
- राहु के अशुभ प्रभाव से पेट संबंधी रोग और सिरदर्द की समस्या हो सकती है।
- मानसिक भ्रम, आत्मविश्वास की कमी और रिश्तों में तनाव बढ़ता है।
- आर्थिक नुकसान, क्रोध की अधिकता और वाणी में कठोरता देखी जाती है।
- वाहन दुर्घटना, अपयश और अच्छे मित्रों की कमी जैसी परेशानियां सामने आती हैं।

### राहु को शांत करने के उपाय

- रोज योग और ध्यान करने से मन स्थिर रहता है और राहु के प्रभाव संतुलित होते हैं।
- प्रतिदिन भगवान शिव की पूजा करना और ॐ नमः शिवाय मंत्र का जाप लाभकारी माना जाता है।
- भैरव नाथ के मंदिर में सरसों के तेल का दीपक जलाना राहु दोष शांति में सहायक है।
- हनुमान जी की आराधना और हनुमान चालीसा का पाठ करना शुभ फल देता है।
- विवाहित व्यक्ति को ससुराल पक्ष के साथ मधुर संबंध बनाए रखने चाहिए।
- नशीले पदार्थों से दूरी बनाना आवश्यक माना गया है।
- सोमवार के दिन शिवलिंग पर जल अर्पित करना राहु के नकारात्मक प्रभावों से बचाता है।

## खबर एक नजर...

### जिलाबदर आदेश का उल्लघंन करता मिला बदमाश

**उज्जैन।** उदूर्पुरा के रहने वाले बदमाश मनीष पिता मुरलीधर भाटी 38 साल को अपराधिक गतिविधियों के चलते पिछले वर्ष नम्बर माह में जिलाधीश के आदेश पर 6 माह के लिये जिलाबदर किया गया था और हिदायत दी गई थी जिले के साथ संभाग की राजस्व सीमा में दिखाई दिया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। बावजूद बदमाश होली पर्व के चलते आदेश का उल्लघंन कर जिले की सीमा में आ गया। जीवाजीगंज थाना पुलिस को बदमाश के शहर में होने की खबर मिली तो एएसआई यशवंतसिंह टीम के साथ बदमाश की धरपकड़ के लिये निकले। बदमाश वीरसावरकर चौराहा पर घूमता दिखाई दिया। जिसे घेराबंदी कर हिरासत में लिया। एएसआई के अनुसार आदेश का उल्लघंन करने पर बदमाश के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 में प्रकरण दर्ज किया गया। जिसे मंगलवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### नर्सिंग कॉलेज के पास चाकू लेकर घूम रहे थे 2 बदमाश

**उज्जैन।** होली पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को लेक सोमवार-मंगलवार रात देवासगेट थाना पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही थी। इस दौरान नर्सिंग कॉलेज के पास 2 संदिग्ध दिखाई दिये। पुलिस को देख दोनों ने भागने का प्रयास किया। शंका होने पर पुलिस ने पीछा किया और दोनों को पकड़ उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 2 चाकू बरामद हो गये। एसआई राधेश्याम अवालिया ने बताया कि चाकू के साथ हिरासत में आये बदमाश सावन शेर और रौनक करपुरिया निवासी बहादूरगंज है। जिनके खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्ररकण दर्ज किया गया है। दोनों के खिलाफ पूर्व में अपराधिक मामले दर्ज होना सामने आये है।

### हिसाब पूछने पर पत्नी और बच्चों ने लात-घूंसों से पीटा

**उज्जैन।** गरीब नवाज कालोनी में रहने वाला मोहम्मद इमरान पिता सलीम शाम को घर पहुंचा था, उसने पत्नी को दिये पैसों का हिसाब पूछा तो पत्नी ने विवाद शुरू कर दिया। दोनों के बीच कहासुनी काफी बढ़ गई। इसी बीच मोहम्मद इमरान के 2 बेटे भी आ गये और मां का साथ देते हुए पिता के साथ ताल-घूंसों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पत्नी और बच्चों द्वारा की गई मारपीट में घायल मोहम्मद इमरान महाकाल थाने पहुंचा और घटनाक्रम बताया। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया और पत्नी के साथ 2 बच्चों के खिलाफ मारपीट कर प्रकरण दर्ज किया।

### दोस्तों में कहासुनी के बाद रिक्शा चालक के घर तोड़फोड़

**उज्जैन।** नागझिरी थाना क्षेत्र के विक्रम गांधीनगर में रहने वाला पंकज पिता नगजीराम मालवीय रिक्शा चालक है। उसके दोस्त राहुल मालवीय और दीपक के बीच पूर्व में कहासुनी हो गई थी। उस दौरान पंकज ने बीच-बचाव किया था। मामला शांत भी हो गया था। सोमवार-मंगलवार रात 11.30 दीपक अपने साथी के साथ पंकज के घर पहुंचा और बीच-बचाव कर समझौता करने की बात पर गाली-गलौच करने लगा। पंकज ने गाली देने से मना किया तो दीपक और उसके साथी ने घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी और पथराव किया। जिसमें पंकज की मां प्रेमबाई मालवीय 45 साल घायल हो गई। हंगामा करने के बाद दीपक और उसका साथी भाग निकले। पंकज घायल मां का नागझिरी थाने लेकर पहुंचा, पुलिस ने मामले में तोड़फोड़ और पत्थरबाजी करने का प्रकरण दर्ज कर दीपक निवासी बजरंग कालोनी की तलाश शुरू की है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 137-1 | 148-3 |
| मेन बाजार | 117-9 | 469-9 |
| मिलन डे | 334-0 | 456-5 |
| मिलन नाइट | 466-6 | 126 -9 |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 |

### होटल सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज के मैनेजर ने दर्ज कराया प्रकरण

# ईमेल का एक्सेस प्राप्त कर निकाला डिजिटल लेटर हेड

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

महाकाल मंदिर से चंद कदमों की दूरी पर मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की होटल हेरिटेज सम्राट विक्रमादित्य बनी हुई है। जिसके शासकीय ई-मेल का एक्सेस प्राप्त कर डिजिटल लेटर हेड निकाला गया और होटल मैनेजर की शिकायत मुख्यमंत्री से की गई। यही नही सीसीटीवी कैमरो का एक्सेस लेकर उसके विडियो/फोटो प्राप्त कर उसमे छेडछाड कर भ्रामक जानकारी फैलाई गई। होटल मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि होटल सम्राट विक्रमादित्य द हेरिटेज के मैनेजर सतीश पाठक ने शिकायती आवेदन देकर बताया कि मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की हेरिटेज होटल का शासकीय ईमेल एक्सेस प्राप्त कर चार लोगों द्वारा डिजिटल लेटर हेड निकाला और होटल की छवि धूमिल करने के लिए उनके नाम पर झूठी शिकायत मुख्यमंत्री और अधिकारियों को की गई। यही नहीं सीसीटीवी कैमरो का एक्सेस प्राप्त कर फुटेज भी निकल गए और उसमें छेड़छाड़ कर भ्रामक जानकारी फैलाई गई। डिजिटल लेटर हेड निकालकर दुरुपयोग करने का मामला 23 फरवरी का सामने आया है। थाना प्रभारी के अनुसार हेरिटेज होटल मैनेजर की शिकायत पर मामले में बीएनएस की धारा 319(2), 336 (3), 336 (4) का प्रकरण दर्ज जांच शुरू की गई है। निकले गए लेटर हेड पर होटल मैनेजर के खिलाफ ही शिकायत कर पद का दुरुपयोग करने और शुद्ध शाहकारी होटल के किचन में छुपकर नॉनवेज बनाने की बात कही गई है।



#### नॉनवेज नहीं डिश 'दही के शोले' हैं

होटल मैनेजर द्वारा पुलिस को बताया गया कि झूठी शिकायत में भेजे गए सीसीटीवी फुटेज में जिसे नॉनवेज बताया जा रहा है वह डिश दही के शोले है। इसमें पनीर और दही का उपयोग होता है, जिसे भ्रामक तरीके से पेश किया गया. महाकाल मंदिर के आसपास नॉनवेज पूरी तरह प्रतिबंधित है और होटल प्रशासन इसकी गरिमा का पूरा ख्याल रखता है। उनके नाम से मुख्यमंत्री अधिकारी को की गई शिकायत पूरी तरह से झूठी है।

#### तीन माह से लापता है 4 कर्मचारी

थाना प्रभारी बादल के अनुसार जिन चार लोगों के खिलाफ होटल मैनेजर द्वारा प्रकरण दर्ज कराया गया है उन्हें ट्रेनिंग देने के बाद 3 साल के एग्रीमेंट पर होटल में काम पर रखा गया था। लेकिन चारों तीन माह से लापता है उन्हें होटल मैनेजर की ओर से नोटिस भी जारी किया गया था और काम पर लौटने की बात कही गई थी। चारों लापता कर्मचारी में राजेश जैन, हरिशंकर साहू, अर्पित तिवारी और एक महिला भी शामिल है।

## उत्तर प्रदेश के युवक का उज्जैन में अंतिम संस्कार

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

मुंह बोले मामा से मिलने आए युवक को आगर रोड पर अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वह उत्तर प्रदेश के ललितपुर का रहने वाला था जिसका अंतिम संस्कार उज्जैन में कराया गया।

ग्राम जैथल में ईंट भट्ठे पर राजकुमार काम करता है जिसका मुंह बोला भांजा राजवीर पिता नंदलाल 23 वर्ष 2 दिन पहले मिलने आया था। मंगलवार-बुधवार रात आगर रोड नाकोड़ा पेट्रोल पंप के समीप पैदल सड़क पार करते समय राजवीर को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची मृतक के पास मिले मोबाइल से उसकी पहचान की गई। मुंह बोला मामा राजकुमार मौके पर पहुंचा। मृतक युवक की बॉडी पोस्टमार्टम के लिए चरक अस्पताल पहुंचाई गई। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया इस दौरान राजकुमार ने बताया कि राजवीर के आगे पीछे कोई नहीं है वह ट्रक पर क्लीनर का काम करता था। राजवीर की मुंहबोली बहन उसके गांव में रहने वाली है। जिसके चलते वह राजवीर को पहचानता था। उसकी मन क्लीनर में नहीं लग रहा था जिसके चलते वह काम छोड़कर जैथल आया था। उसके माता-पिता नहीं है जिसके चलते उसका अंतिम संस्कार उज्जैन में ही कराया जा रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद राजकुमार के बयान दर्ज कर शव अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया।

## तैनात पुलिस कर्मियों को एसपी ने खिलाई मिठाई

### शुभकामना देकर बोले कानून व्यवस्था हमारी प्राथमिकता

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

होली पर्व पर बुधवार को पूरे शहर में कानून व्यवस्था के साथ सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस कर्मियों को हर पाइंट पर पहुंचे एसपी ने मिठाई खिलाई और होली की शुभकामना दी।

शहर में हर त्योहार और पर्व को शहरवासी शांति सद्भावना के साथ मना सके इसको लेकर पुलिस अपने परिवारों से दूर रहकर कानून व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहती है। बुधवार को होली का पर्व मनाया गया चारों ओर रंग, गुलाल, अबीर की मस्ती में शहरवासी डूबे रहे। शांति के साथ पर्व मनाया जा सके इसको लेकर पुलिस पूरे शहर में तैनात थी, यही नहीं लगातार पेट्रोलिंग भी की जा रही थी और असामाजिक तत्वों पर नजर रख रही थी। पुलिस की मुस्तेदी और परिवार से दूर होकर कानून व्यवस्था संभाल रहे पुलिस कर्मियों के बीच दोपहर में एसपी प्रदीप शर्मा पहुंचे। उन्होंने शहर के हर पाइंट पर तैनात पुलिस कर्मियों को मिठाई खिलाई और होली की शुभकामना दी। उन्होंने पुलिस कर्मियों की कर्तव्य निष्ठा और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, आमजन सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में त्यौहार मना सके इसके लिए सतर्कता और जागरूकता को बनाए रखें। पूर्व में भी एसपी शर्मा कई बड़े धार्मिक आयोजन और वीआईपी के आगमन पर सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों की कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए उनके बीच पहुंचकर हौसला अफजाई कर चुके हैं।



### हमउम्र साथी ने देखा तो ग्रामीणों को बुलाने दौड़ा

# राघौपिपलिया तालाब में डूबे 2 बच्चे, डेढ़ घंटे बाद मिले शव

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

इंदौररोड पर मंगलवार दोपहर दुखद हादसा हो गया। 3 बच्चे गांव से आधा किलोमीटर दूर तालाब पर नहाने पहुंचे थे। जहां 2 गहरे पानी में चले गये। उन्हे डूबता देख तीसरा गांव की ओर दौड़ा और ग्रामीणों को जानकारी दी। डेढ़ घंटे की तलाश के बाद डूबे बच्चों के शव निकाले गये।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि दोपहर डेढ़ बजे के लगभग खबर मिली थी कि तपोभूमि के पास ग्राम राघौपिपलिया तालाब में 2 बच्चे डूब गये है। तत्काल पुलिस टीम राघौपिपलिया पहुंची। इस बीच ग्रामीणों और स्थानीय गोताखोरों ने तलाश शुरू कर दी थी। करीब डेढ़ घंटे की तलाश के बाद दोनों बच्चों को बाहर निकाला गया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। जानकारी लेने पर सामने आया कि एक दीपेश पिता पवन राजोरिया 14 साल और दूसरा रोहित पिता गोवर्धन 15 साल है। दोनों राघौपिपलिया के रहने वाले है। उनके साथ हमउम्र शुभम भी गया था। लेकिन वह तालाब में नहीं उतारा था। उसने दोनों को डूबते देखा तो दौड़कर गांव पहुंचा और ग्रामीणों को सूचना दी। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों की बॉडी चरक अस्पताल पहुंचाई गई और मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया।

**होली खेलने के बाद पहुंचे थे तालाब-** मृतक बच्चों के रिश्तेदार शंकर राजोरिया ने बताया कि दोनों बच्चे होली खेलने के बाद परिवार को बिना बताये तालाब पर नहाने चले गये थे। दिपेश कक्षा 9 वीं का छात्र था और रोहित पढ़ाई नहीं करता था, घर पर ही रहता था। परिवार मजदूरी करता है। दोनों के कपड़े-चप्पल तालाब के पास मिले है। तालाब घर से आधा किलोमीटर दूर है। दोनों को तैराना भी नहीं आता था। संभवतः पानी कम होने का अंदेशा लगाकर तालाब में उतरे थे।





#### खबर मिलते ही ग्रामीणों की लगी भीड़

2 बच्चों के तालाब में डूबने की खबर ग्राम राघौपिपलिया के ग्रामीणों को मिली तो बड़ी संख्या में तालाब किनारे पहुंच गये। कई ग्रामीण तलाश के लिये तालाब में कूदे। जैसे ही दोनों को बाहर निकाला गया और उनकी मौत होने का पता चला महौल गमगीन हो गया। पोस्टमार्टम के बाद शव राघौपिपलिया ले जाये गये और इंदौररोड शमशान पर अंतिम संस्कार किया गया।

#### इधर क्षीरसागर कुंड से मिली लाश

मंगलवार सुबह कोतवाली थाना पुलिस सूचना मिलने पर क्षीरसागर कुंड पहुंची थी। जहां पानी में एक युवक का शव था। युवक को बाहर निकाला गया। उसके पास से आधार कार्ड मिलने पर पहचान फिरोज पिता अजीज खां निवासी चंदननगर आगररोड के रूप में हुई। एएसआई जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि परिजनों के आने पर सामने आया कि फिरोज नशा करने का आदी था और कबाड़े का काम करता था। रात में घर भी कम आता था। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com